विषय सूची

क्र.	शीर्षक	पृष्ठ क्र.
	प्रस्तावना	
	योजना दल	
	विषयसूची	I-IV
	सारणी सूची	V-VI
	मानचित्रों की सूची	VII
अध्याय– 1– नियोजन दृष्टिकोण		**1–8**
1.1	नियोजन एंव विकास संदर्भ	1
1.2	विकास योजना क्रियान्वयन परिदृश्य	1
1.3	योजना क्रियान्वयन का मूल्यांकन	2
1.4	विकास योजना 2011 में भू–उपयोग उपांतरण	4
1.5	नगरीय विस्तार	5
1.6	नगर के प्रसिद्ध मंदिर एवं पर्यटन/दर्शनीय स्थल एवं उनका महत्व	
1.7	विकास की स्थिति एवं संभावनाएं	7
अध्याय– 2–विकास परिदृश्य तथा प्रस्तावित नगरीय संरचना		**9–25**
2.1	क्षेत्रीय परिदृश्य	9
2.2	क्षेत्रीय संदर्भ में महत्व	9
2.3	निवेश क्षेत्र	9
2.4	नगर पालिका परिषद का गठन	11
2.5	जनसंख्या परिवर्तन	13
2.6	नगर के मुख्य कार्यकलाप	13
2.7	जनसंख्या आंकलन	14
2.8	गंदी बस्ती एवं झुग्गी/झोपडी क्षेत्र	14

2.9	अनुमानित आवास आवश्यकता	14
2.10	विभिन्न वर्गो हेतु आवासीय इकाईयों की आवश्यकता	15
2.11	नगरीय विकास हेतु आवश्यक क्षेत्र	15
2.12	भूमि उपलब्धता	16
2.13	विकास योजना 2031 की आवधारणा	16
2.14	प्रस्तावित भूमि उपयोग एवं भूमि आवंटन	17
2.15	भूमि उपयोग प्रस्तावों का विवरण	18
2.16	निवेश इकाईयां	20
2.17	पुनर्विकास क्षेत्र	22
2.18	असंगत भूमि उपयोगों की पुनर्स्थापना	24
2.19	ग्राम विकास	25
अध्याय– 3–प्रस्तावित यातायात संरचना एवं नगरीय अधोसंरचना		**26–36**
3.1	यातायात संरचना	26
3.2	कार्यानुरूप मार्ग अनुक्रम	27
3.3	मार्गो की प्रस्तावित चौडाई	28
3.4	यातायात प्रणाली में सुधार	30
3.5	वाहन विराम स्थल	33
3.6	नगरीय अधोसंरचना	34
3.7	अन्य सुविधाऐं	35
अध्याय –4	**विकास नियमन**	**36–193**
4.1	प्रवृतशीलता	36
4.2	क्षेत्राधिकार	36
4.3	परिभाषाऐं	37
4.4	भूमि उपयोग परिक्षेत्र	38

4.5	आवासीय उपयोग परिक्षेत्रों हेतु नियमन	39
4.6	वाणिज्यिक क्षेत्र	43
4.7	औद्योगिक परिक्षेत्र	47
4.8	अन्य सुविधाएँ	47
4.9	यातायात एवं परिवहन	50
4.10	मिश्रित उपयोग हेतु नियमन	52
4.11	उपयोग परिक्षेत्र के विकास नियमन	54
4.12	मध्यक्षेत्र हेतु परिक्षेत्रिक नियमन	188
अध्याय 5– विकास योजना का क्रियान्वयन		**194–203**
5.1	विकास योजना का क्रियान्वयन	194
5.2	योजना क्रियान्वयन की नीति	195
5.3	पर्यावरण प्रबंधन एवं संरक्षण कार्यक्रम	196
5.4	नगरीय अधोसंरचना एवं सेवा योजना	197
5.5	योजना एवं कार्यक्रम	198
5.6	प्रथम चरण कार्यक्रम	200
5.7	योजना पर्यवेक्षण तंत्र	202
5.8	नियोजन एवं पर्यवेक्षण समिति का गठन	203
5.9	योजना की व्याख्या	203

परिशिष्ट

परिशिष्ट	1	म0प्र0 नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 16 या 29(1) के अधीन विकास अनुज्ञा हेतु आवेदन प्ररूप	207
परिशिष्ट	2	विकास योजना प्रस्तावों को प्राप्त करने हेतु आवेदन (नियम 49)	209
परिशिष्ट	3	निवेश क्षेत्र का गठन की अधिसूचना	210
परिशिष्ट	4	निवेश क्षेत्र में वृध्दि की अधिसूचना	211
परिशिष्ट	5	भूमि के वर्तमान उपयोग अंगीकरण संबंधी सूचना	212
परिशिष्ट	6	वर्तमान भूमि उपयोग अंगीकृत संबंधी सूचना	213
परिशिष्ट	7	विकास योजना 2011 अनुमोदन संबंधी अधिसूचना	214
परिशिष्ट	8	विकास योजना के क्रियान्वयन हेतु शासन द्वारा गठित नियोजन एवं पर्यवेक्षण समिति का आदेश	215
परिशिष्ट	9	मध्य प्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 17–क (1) तहत समितिगठन का प्रस्ताव	217
परिशिष्ट	10	विकास योजना के क्रियान्वयन हेतु शासन द्वारा गठित नियोजन एवं पर्यवेक्षण समिति का संशोधित आदेश	219

सारणी सूची

सारणी क.	शीर्षक	पृष्ठ क्रमॉक
1–सा–1	विकास योजना 2011 का मूल्यांकन	2
1–सा–2	वाणिज्यिक विकास	3
1–सा–3	भूमि उपयोग उपान्तरण	5
2–सा–1	निवेश क्षेत्र	11
2–सा–2	आवासीय घनत्व– वार्डवार	11
2–सा–3	जनसंख्या परिवर्तन	13
2–सा–4	अनुमानित परिवार एवं आवास आवयकताऐं	15
2–सा–5	भूमि उपलब्धता	16
2–सा–6	प्रस्तावित भूमि उपयोग 2031	17
2–सा–7	निवेश इकाईवार भूमि उपयोग	20
2–सा–8	पुनर्विकास हेतु प्रस्तावित क्षेत्र	23
2–सा–9	असंगत एवं अकार्यक्षम भूमि उपयोग	24
3–सा–1	प्रस्तावित मार्गो की चौड़ाई	29
3 सा–2	वाहन विराम हेतु प्रस्तावित स्थल	33
4–सा–1	उपयोग परिक्षेत्र	39
4–सा–2	आवासीय भूखण्ड विकास नियमन	41
4–सा–3	वाणिज्यिक उपयोग परिक्षेत्र के अभिन्यास हेतु नियमन	44
4–सा–4	उप विभाजित वाणिज्यिक भूखण्ड हेतु नियमन	45
4–सा–5	अनौपचारिक वर्ग के लिये योजना प्रावधान	46
4–सा–6	सुविधाओं के विकास मानक	47
4–सा–7	खुले स्थलों एवं आमोद –प्रमोद क्षेत्रों के मापदण्ड	48

4–सा–8	सड़को के किनारे कार विराम हेतु स्थल का आकार	50
4–सा–9	यातायात/मैकेनिक नगर के मानक	51
4–सा–10	यातायात नगर में सुविधाओं के मापदण्ड	52
4–सा–11	उपयोग परिक्षेत्रों में उपयोग परिसरों की अनुमति	54
4–सा–12	उपयोग परिक्षेत्रों/परिसरों के नियोजन मापदण्ड एवं अन्य नियंत्रण	61
4–सा–13	उपयोग परिसरों के नियोजन मापदंड एवं अन्य नियंत्रण	97
4–सा–14	वर्तमान वाणिज्यिक क्षेत्र में मार्गो की चौड़ाई एवं फर्शी क्षेत्रानुपात	190
4–सा–15	वर्तमान आवासीय विकास हेतु भू–खण्ड का आकार एवं निर्मित क्षेत्र	191
4–सा–16	सार्वजनिक एवं अर्ध सार्वजनिक विकास हेतु मापदण्ड	192
5–सा–1	योजना क्रियान्वयन की लागत –2031	195
5–सा–2	प्रथम चरण क्रियान्वयन लागत	201

मानचित्रों की सूची

1.1	क्षेत्रीय बसाहट	10 अ
2.1	निवेश क्षेत्र	10 अ
2.2	वर्तमान भूमि उपयोग	18 अ
3.1	विकास योजना प्रारुप 2031	18 अ
3.2	निवेश इकाई	20 अ
3.3	वर्तमान परिभ्रमण संरचना	30 अ
3.4	प्रस्तावित परिभ्रमण संरचना	30 अ
5.1	प्रथम चरण	202 अ

xuk

fodkl ;kstuk ¼ik:i½

2031

e/;izns'k uxj rFkk xzke fuos'k vf/kfu;e 1973 ds

izko/kkuksa ds vUrxZr izdkf'kr

lapkyuky; uxj rFkk xzke fuos'k] e/;izns'k

प्रस्तावना

विन्ध्याचल पर्वत माला की श्रृंखलाओं के मध्य बसा गुना नगर उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान के साथ ही साथ प्रदेश के मालवा एवं बुंदेलखंड अंचलों का प्रवेश द्वार कहलाता है। यह नगर आगरा–मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–3 पर स्थित है। गुना नगर को उसके वर्तमान कार्यकलापों एवं क्षेत्रीय महत्व के परिपेक्ष्य में वाणिज्यिक एवं व्यापारिक केन्द्र, कृषि व वनोपज आधारित औद्योगिक, शैक्षणिक एवं जिला स्तरीय प्रशासकीय केन्द्र की क्षमता के अनुरूप विकसित किया जाना प्रस्तावित है।

मझोले श्रेणी का नगर होने तथा विकास की पर्याप्त संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुये नगर के सुनियोजित विकास हेतु विकास योजना 2011 प्रभावशील की गई थी, जिसमें यह प्रयास किया गया कि उपलब्ध क्षेत्रीय कृषि उपज एवं वन संपदा के संरक्षण एवं विकास के साथ ही यहां के निवासियों को आवश्यक अधोसंरचना उपलब्ध हो सकें।

नगर के भावी सुनियोजित विकास को दृष्टिगत रखते हुये, उपान्तरित विकास योजना वर्ष 2031 की आंकलित जनसंख्या 3.41 लाख के लिये तैयार की गई है, जिसमें भूमि के उपयोग एवं विकास के प्रस्ताव के साथ ही नगरीय अधोसंरचना एवं सेवा–सुविधाओं के प्रस्ताव भी सम्मिलित है।

उपान्तरित विकास योजना मध्यप्रदेश, नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के प्रावधान अंतर्गत जनसामान्य एवं संस्थाओं से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित करने हेतु प्रकाशित की जा रही है। ये सुझाव न केवल विकास योजना प्रस्तावों को अंतिम रूप देने में सहायक होंगे बल्कि जन आकांक्षाओं के अनुरूप नगर के सुनियोजित विकास में भी सहायक सिद्ध होंगे।

विकास योजना के प्रस्तावों के सफल क्रियान्वयन हेतु शासकीय, अर्ध शासकीय, संस्थाओं के साथ ही नगर के प्रत्येक नागरिक का योगदान भी महत्वपूर्ण है। अतः अपेक्षा है कि सक्रिय योगदान देकर इस विकास योजना के प्रस्तावों को मूर्त रूप देने में सहयोग प्रदान करेंगे।

(गुलशन बामरा)
आयुक्त सह संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश
e-i:- Hkkiky

योजना दल

संयुक्त संचालक

विजय सावलकर

उपसंचालक

के.सी. पालिया

सहायक संचालक

शालिनी सक्सेना

कर्मचारीगण

एस.एस. तोमर

विजय कुमार मिंज

मनीष तिवारी

इफ्तिखार कुरैशी

मेपकास्ट के अधिकारी

डॉ. विवेक कटारे

श्याम अग्रवाल

सीमा खान

समय–समय पर योजना दल से संबद्ध

बृजेश कुमार माहोर

राजू कुशवाह

अध्याय –एक

नियोजन दृष्टिकोण

1.1 नियोजन एवं विकास संदर्भ

नगर के नियोजन एवं विकास हेतु नगर की प्रथम विकास योजना म0प्र0शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ–3–64–2003/32 दिनांक 29.8.2013 व्दारा म0प्र0राजपत्र में प्रकाशन दिनांक 29.8.2003 से लागू की गई है। विकास योजना वर्ष 2011 की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुये नियोजन प्रस्ताव दिये गये थे। उक्त विकास योजना वर्तमान में भी प्रभावशील हैं।

विकास योजना 2011 के उद्देश्य एवं लक्ष्य

(1) भूमि का समुचित एवं उपयुक्त सक्षम उपयोग।

(2) ऐसी परिवहन प्रणाली का विकास जिसमें यात्री एवं माल यातायात सुरक्षित एवं तीव्र गति से हो सके।

(3) मध्य क्षेत्र भीड़ भाड को कम करने हेतु नगर की प्रमुख दूरियों पर वाणिज्यिक केन्द्रों का विकास करना।

(4) औद्योगिक उपयोग हेतु भूमि का प्रावधान करना।

(5) जल प्रदाय, जलमल निकास, शैक्षणिक, स्वास्थ्य आदि सुविधाओं का प्रावधान करना।

(6) प्राकृतिक भू–दृश्य एवं पर्यावरण संरक्षण।

(7) कार्य केन्द्रों का विकेन्द्रीकरण एवं आवासीय क्षेत्रों एवं कार्यकेन्द्रों के मध्य सुरक्षित तथा सुविधा जनक मार्ग संरचना का प्रावधान।

(8) नगर में उचित स्थानों पर जिसमें विशेषकर मध्यवर्ती क्षेत्र में पर्याप्त वाहन विराम स्थलों का प्रावधान।

1.2 विकास योजना क्रियान्वयन परिदृश्य

विकास योजना 2011 की क्रियान्वयान प्रक्रिया अनेक बार गुणात्मक मूल्यों के संदर्भ में प्रभावित हुई है जिसका प्रतिकूल प्रभाव मुख्य रूप से सार्वजनिक सेवा सुविधाओं एवं मूलभूत अधोसंरचना विकास पर पड़ा है। प्रबंधन के क्षेत्र में विकास निम्नलिखित कारणों से प्रभावित हुआ है :–

1. भूमि आपूर्ति एवं नगरीय भूमि प्रबंधन के लिए संस्थाओं में आवश्यक सामंजस्ता का अभाव।
2. नगरीय अधोसंरचना विकास के लिए वित्तीय संसाधनों की अनुपलब्धता।
3. निजी निवेश के लिए संसाधनों के प्रोत्साहन में कमी।

4. योजना क्रियान्वयन के सतत पर्यवेक्षण तथा क्रियान्वयन पूर्व के अनुमान के आधार पर विकास की दिशा पर नियंत्रण का अभाव उपयुक्त प्रबंधन के अभाव में कई स्थलों पर विकास योजना के प्रावधानों के विपरीत निर्माण, अवैध कालोनियों का विकास एवं झुग्गी–झोपडी क्षेत्रों में वृद्वि हुई है, जिसमें मूलभूत सेवा सुविधाओं, स्वास्थ्य, पर्यावरण, निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हुआ है:–

1.3 योजना क्रियान्वयन का मूल्यांकन

गुना विकास योजना 2011 में विभिन्न भूमि उपयोगों हेतु 2056.00 हेक्टर भूमि 2 लाख की जनसंख्या हेतु प्रस्तावित की गई थी। अध्ययन से ज्ञात होता है कि विभिन्न भू–उपयोगों के अन्तर्गत 1619.50 हेक्टर, क्षेत्र का ही विकास हो सका है। यह विकास अनुमानित लक्ष्य के अनुरूप नहीं होकर योजना प्रस्तावों का 78.77 प्रतिशत हैं। विभिन्न भू–उपयोग समूहों के क्रियान्वयन का विवरण सारणी 1–सा–1 में दर्शाया गया है :–

गुना :–विकास योजना 2011 का मूल्यांकन

1–सा–1

क.	भू–उपयोग	भूमि आवंटन 2011 (योग= वर्तमान + प्रस्तावित) (क्षेत्र हेक्टेयर में)		वर्तमान विकसित क्षेत्रफल 2013	अन्तर	क्रियान्वयन का प्रतिशत	भूमि विकास दर
		क्षेत्रफल	प्रति.				
1	2	3	4	5	6	7	8
1	आवासीय	1360	66.14	918	169.91	73.49	6.57
2	वाणिज्यिक	136	6.62	83	39.40	5.96	0.53
3	औद्योगिक	105	5.10	78	51.00	3.33	0.30
4	सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक	102	4.96	179	36.69	4.03	0.36
5	सार्वजनिक उपयोगिता एवं सेवाएं	54	2.64	9	22.50	1.95	0.17
6	आमोद–प्रमोद	70	3.40	78	53.00	1.05	0.09
7	यातायात एवं परिवहन	229	11.14	232	64.00	10.19	0.91
	योग	**2056**	**100.00**	**1619.50**	**436.50**	**100.00**	**8.93**

नोटः– 1. वर्ष 2011 में निवेश क्षेत्र की जनसंख्या 2 लाख अनुमानित थी।

2. भूमि आवंटन प्रति हेक्टेयर प्रति 1000 जनसंख्या हैं।

1.3.1 आवासीय

विकास योजना 2011 में 1360 हेक्टर भूमि आवासीय उपयोग हेतु प्रस्तावित की गयी थी, जबकि वर्ष 2013 तक की स्थिति में 1190.09 हेक्टर भूमि आवासीय उपयोग में लाई गई है। आवासीय विकास का कुल प्रतिशत 73.49 है। वर्ष 2011 तक प्रस्तावित आवासीय क्षेत्र की 169.91 हेक्टर शेष भूमि आवासीय उपयोग के विकास हेतु उपलब्ध है। नगर में भूमि का विकास मुख्यतः गुना के निजी कालोनाइजरों द्वारा किया गया है। उक्त निजी कालोनाइजरों द्वारा किया जाने वाला अधिकांश विकास अप्राधिकृत कालोनियों के रूप में है। शासकीय संस्थाओं के पास भूमि अधिग्रहण एवं विकास हेतु आवश्यक पूंजी निवेश की कमी, आवासीय क्षेत्र के लक्ष्यों के प्राप्त न होने का प्रमुख कारण है। नए आवासीय क्षेत्रों का पर्याप्त विकास नहीं होने के फलस्वरूप पूर्व से निर्मित क्षेत्र में आवासीय घनत्व में वृद्वि हुई है, जिसके कारण निर्मित क्षेत्र में यातायात पर दबाव बढ़ा है।

1.3.2 वाणिज्यिक

विकास योजना 2011 में 136.00 हेक्टर भूमि वाणिज्यिक विकास हेतु प्रस्तावित थी। नगर में वर्ष 2013 मे 96.60 हेक्टर वाणिज्यिक क्षेत्र विकसित हुआ हैजिसका विवरण सारणी 1–सा–2 अनुसार है। वाणिज्यिक क्षेत्र का अधिकांश विकास प्रमुख मार्गो एवं कृषि उपज मंण्डी तथा पुराने आवासीय उपयोग की भूमियों को वाणिज्यिक उपयोग में परिवर्तन करने से हुआ है। विशिष्ट वाणिज्यिक गतिविधियों में से यातायात नगर, थोक बाजार आदि का विकास नगण्य रहा है। वाणिज्यिक विकास का कुल प्रतिशत 5. 96 है। नगर में वाणिज्यिक विकास के अध्ययन से विगत तीन दशकों में मुख्य मार्ग के दोनों ओर आवासीय क्षेत्रों को वाणिज्यिक उपयोग में परिवर्तन करने की प्रवृत्ति परिलक्षित हुई है।

गुना :– वाणिज्यिक विकास

1–सा–2

क.	विवरण	स्थान	क्षेत्रफल हैक्टेयर में	विकास की वर्तमान स्थिति
1	2	3	4	5
1	यातायात नगर	ए.बी. रोड, ग्राम बमोरी बुजर्ग, ग्राम हिलगना	14.00	अर्द्ध विकसित
2	कृषि उपज मण्डी	गुना–उमरी रोड नानाखेडी	27.130	विकसित
3	होटल/शॉपिंग सेन्टर/दुकानो का निमार्ण	गुना–बी.जी.मार्ग, गुना–अशोक नगर, आगरा–बाम्बे मार्ग पर मध्य क्षेत्र में वाणिज्यिक विकास	5.97	विकसित

1.3.3 औद्योगिक

औद्योगिक उपयोग के अन्तर्गत विकास योजना में ग्राम मुहालपुर कुसमोदा, छावनी गुना, पिपरोदा खुर्द एवं बमोरी बुजर्ग में 105 हेक्टर भूमि प्रस्तावित की कई थी। नगर में वर्ष 2013 में 54 हेक्टर औद्योगिक क्षेत्र विकसित हुआ है जो औद्योगिक विकास का कुल प्रतिशत 3.33 है किन्तु यह विकास औद्योगिक उपयोग की भूमि पर नगण्य है। नगर की आर्थिक गतिविधियों के विस्तार एवं रोजगार के साधनों के सृजन हेतु नवीन औद्योगिक केन्द्र की आवश्यकता प्रतित होती है।

1.3.4 सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक

विकास योजना 2011 में सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक उपयोग के अन्तर्गत 102 हेक्टर भूमि प्रस्तावित थी, जिसके विरूद्व 65.31 हेक्टर भूमि का विकास सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक उपयोग के अन्तर्गत हुआ हैं। विकास योजना प्रस्ताव के अनुसार ग्राम पिपरोदा खुर्द, जगनपुरा, गुना, एवं कुसमोदा में सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक सेवाओं का विकास हुआ है जबकि शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास प्रस्तावित आवासीय क्षेत्र के अन्तर्गत हुआ है।

1.3.5 सार्वजनिक उपयोगिताऐं एवं सेवायें

विकास योजना 2011 में इस उपयोग के अन्तर्गत 54 हेक्टर भूमि प्रस्तावित थी, जिसमें से 31.50 हेक्टर भूमि का ही विकास हुआ है जो विकसित भूमि का 1.95 प्रतिशत है। इस उपयोग मे कम भूमि विकसित होने के कारण वर्तमान परिसरों में उपलब्ध रिक्त भूमि में कार्यकलापों का विस्तार एवं निर्माण है।

1.3.6 आमोद–प्रमोद

विकास योजना 2011 में इस उपयोग के अन्तर्गत 70 हेक्टर भूमि प्रस्तावित थी जिसमें से 17 हेक्टर भूमि का ही विकास हुआ है जो विकसित भूमि का 1.05 प्रतिशत है।

1.3.7 यातायात एवं परिवहन

यातायात एवं परिवहन उपयोग के अन्तर्गत 229 हेक्टर भूमि प्रस्तावित की गई थी। बायपास मार्ग एवं अन्य मार्गो का निर्माण विकास योजना के अन्तर्गत हुआ है, लेकिन वृतखण्ड स्तर एवं उपवृत खण्ड स्तर के मार्गो का विकास नहीं हुआ है। यातायात नगर भी पूर्ण रूप से विकसित नहीं हुआ है। यातायात एवं परिवहन उपयोग के अन्तर्गत कुल 165 हेक्टर क्षेत्र का ही विकास हुआ है जो प्रस्तावित भूमि का 10.19 प्रतिशत विकास हुआ है।

1.4 विकास योजना 2011 में भू–उपयोग उपांतरण

गुना विकास योजना 2011 में नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 23–क अन्तर्गत उपांतरण प्रस्तावों की स्थिति सारणी 1–सा–3 अनुसार है :–

भू–उपयोग उपांतरण

1–सा–3

क0	ग्राम का नाम	सर्वे क0	क्षेत्रफल (हेक्टेर में)	विकास योजना 2011 में प्रस्तावित भूमि उपयोग	उपांतरित भूमि उपयोग	रिमार्क
1	छावनी गुना	106 107 108 109	0.251	आंशिक वाणिज्यिक एवं आवासीय	वाणिज्यिक	1.7.2009
2	कुसमोदा	114 142 115 117/2	8.333	अमोद–प्रमोद	औद्योगिक	25.92011

1.5 नगरीय विस्तार

नगरीय बसाहट का फैलाव विस्तारीकरण एक निरंतर प्रकिय्रा है। इस प्रकिया में नैसर्गिक प्रतिबंध, ऐतिहासिक घटनायें, महत्वपूर्ण प्रशासकीय एवं नीतिगत निर्णय तथा भौतिक अधोसंरचना विकास के प्रयत्न बसाहट के आकार एवं सरंचना को स्थाई रुप से प्रभावित करते है, जो इस प्रकार हैः

1.5.1 नैसर्गिक तत्व

प्रकृति की विविधता, भौमिकी, भू–संरचना, जलवायु, मिट्टी, वनस्पति, जीव–जन्तु, मूल–भूत स्त्रोत भूमि के उपयोग में स्पष्ट रुप से दिखाई देती है, उदाहरणार्थ वन नष्ट होने की दशा में बाढ आने, अकाल पडने तथा भूगर्भित जल प्रदूषित होने में सहायक होते है। अतः मुख्य समस्या प्राकृतिक प्रकिया एवं क्षमता का मूल्यांकन एवं समन्वय कर मानव उपयोग हेतु मापदण्ड निर्धारण करना है। उपरोक्त उद्देश्य पूर्ति हेतु गुना नगर का आकार, विस्तार की संभावनाओं तथा अवरोधों को ध्यान में लेते हुये, नगर के विकास की रुप रेखा निर्धारित करना आवश्यक है।

1.5.2 भौतिक स्वरुप एवं प्राकृतिक संरचना :–

गुना मालवा के पठार के पूर्व दिशा में स्थित है। नगर का स्वरूप समतल है एवं उत्तर की ओर कमिक ढलान लिये हुये है। गुना नगर से लगे क्षेत्र में उत्तर–पश्चिम दिशा की ओर गणेशपुरा, घसियाई एवं बजरंगगढ़ की पहाडियां स्थित हैं। बजरंगगढ़ मार्ग, जनकपुर तथा रेल्वे लाईन के पास एक बड़ा तालाब हैं। पहाड़ियां, पहाड़ से कटी जमीन एवं रेल्वे लाईन को छोड़कर अन्य कोई भी प्राकृतिक अवरोध नगर के विकास में बाधक नहीं है।

1.5.3 प्राकृतिक जल निकास :–

नगर का जल निकास मुख्य रूप से नालों के द्वारा होता है, जो कि नगर में उत्तरी तथा पश्चिमी दिशा की ओर प्रवाहित होता हैं। यह नाले नेगरी नदी में मिलते है, जो पार्वती नदी की सहायक नदी हैं। जल निकास के अनुसार निवेश क्षेत्र, रेल्वे लाईन के द्वारा दो भागों मे विभाजित होता हैं। जगनपुरा, विनायकखेडी, मोहालपुर जो कि रेल्वे लाईन के दक्षिण की ओर स्थित हैं, उनका जल प्रवाह दक्षिण की ओर होता हैं, जबकि रेल्वे के उत्तर की ओर वाले क्षेत्र का जल प्रवाह उत्तर की ओर होता हैं। नगर में जल–मल निकास हेतु भूमि गत नालियां एवं सीवर लाईन वर्तमान में नहीं हैं। वर्षा एवं मकानों का अनुपयोगी जल मार्ग के किनारे बनी खुली नालियों द्वारा प्रवाहित होकर नाले में समाविष्ट होता हैं। क्षेत्र की भू–संरचना समतल होने के कारण नालों में जल निकासी की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिसे नालों की सफाई करके एवं नाले के साथ–साथ भू–संरक्षण उपायों द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है।

1.5.4 जलवायु :–

गुना नगर प्रदेश के कम वर्षा वाले क्षेत्रों में आता है। वर्षा तथा तापमान के वार्षिक चक्र के आधार पर यहॉ के मौसम को चार ऋतुओं में विभक्त किया गया है। शीत ऋतु दिसम्बर –फरवरी, ग्रीष्म ऋतु मार्च–मई, वर्षा ऋतु जून–सितम्वर, तक रहती हैं। अक्टूबर–नवम्बर में शरद ऋतु रहती है। मई माह सबसे गर्म एवं दिसम्वर माह सबसे ठंडा होता हैं। गुना क्षेत्र की जलवायु सामान्यतः गर्म एवं शुष्क है। यहा का अधिकतम तापमान मई–जून माह में 46 डिग्री से.0 तथा न्यूनतम तापमान दिसम्बर–जनवरी माह में 8 डिग्री से.0 तक रहता हैं। नगर मे सर्दी–गर्मी के तापमान में बहुत अंतर पाया जाता है। गर्मी के तापमान को कम करने के लिये नगर तथा आसपास के क्षेत्रों मे वृक्षारोपण कर कम किया जा सकता हैं।

वर्षा ऋतु जून से सितम्बर तक रहती है। यहा की औसत वर्षा 982 मिली मीटर दर्ज की गई है। नगर की कुल वार्षिक वर्षा का 92 प्रतिशत मानसून पर निर्भर है। माह दिसम्बर से शीत ऋतु प्रारम्भ होती है जिसका प्रभाव फरवरी माह तक रहता है। ग्रीष्म ऋतु माह मार्च से जून के मध्य तक होती है। वर्षा ऋतु जून से सितम्बर तक होती है। वर्ष का औसत तापमान न्यूनतम 18.1 डिग्री से.0 एवं अधिकतम 32.30 डिग्री से.0 दर्ज किया गया है, जबकि औसत वर्षा 982 मिलीमीटर दर्ज की गई है।

1.5.5 भूमिगत पानी की उपब्धता

गुना निवेश क्षेत्र में सतही जल स्त्रोतों के अतिरिक्त कुछ भाग में ही भू–जल की उपलब्धता है। नगर में औसत वर्षा 860 मि0मी0 प्रतिवर्ष होती है। वर्षा का जल भूमि के नीचे भू–जल स्त्रोतो के रुप में एकत्रित रहता है। निवेश क्षेत्र के कुछ भाग मे चट्टाने होने से वर्षा का पानी इन चट्टानों के जोड एवं टूटे हुये भाग से ही भूगर्भ के अन्दर जा सकता है। इस कारण चट्टानों वाले क्षेत्र में भू–जल की उपलब्धता कम होने से केवल अधिक व्यास वाले कुओं में ही भूजल उपलब्ध होता है।

1.5.6 प्राकृतिक संकट उन्मुख क्षेत्र

भारतीय मानक ब्यूरों के वर्ष 1893–1894 में भूकम्प प्रतिरोधी संरचनाओं के अनुसार गुना निवेश क्षेत्र भूकम्प की दृष्टि से जोन दो में होने से यह क्षेत्र भूकम्प की दृष्टि से संवेदनशील नहीं है, तथापि भवन निर्माण में प्राकृतिक संकट उन्मुख्य क्षेत्रों के विकास संबंधी अधिनियम/नियमों तथा तकनीकी उपबंधो का ध्यान रखा जाना नितान्त आवश्यक है।

1.6 नगर के प्रसिद्ध मंदिर एवं पर्यटन/दर्शनीय स्थल एवं उनका महत्व :–

गुना नगर के आसपास कई एतिहासिक, धार्मीक, सांस्कृतिक, पर्यटन एवं प्राकृतिक महत्व के स्थान है जो इस प्रकार हैः–

1. बजरगगढ़ जहां 12 वीं सदी की श्री भगवान शांतिनाथ की मूर्ति स्थापित है।

   यह स्थल गुना से 8 कि.मी. की दूरी पर हैं।

2. गोपी–कृष्ण विजयवर्गीय,सागर डेम गुना से 11 कि.मी. दूरी पर हैं।

3. झिरवेहटा ग्राम में प्राचीन शंकर मंन्दिर एवं झील है, जो गुना से 4 कि.मी. दूरी पर है।

4. ग्राम कुसमोदा में गादेर गुफा जिसकी दूरी लगभग 6 कि.मी. है।

5. हनुमान टेकरी 6. बूढे बालाजी का मन्दिर

6 . मुहालपुर गुफा जो गुना से 4 कि.मी. की दूरी पर है। यह स्थान पिकनिक स्थल के रूप में उपयोग किया जाता है।

उपरोक्त को दृष्टिगत रखते हुए गुना नगर में आधार भूत सुविधाएं प्रस्तावित करने की आवश्यकता है।

1.7 विकास की स्थिति एवं संभावनाएं

गुना नगर, आगरा–मुम्बई राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–3 पर स्थित होने के कारण नगर की भौतिक विकास प्रभावित हुआ है। इसके साथ ही नगर के समीप ही गैस अथारिटी ऑफ इंडिया एवं नेशलन फर्टिलाइजर प्लांट की स्थापना का प्रभाव भी मुख्य रूप से गुना नगर की भौतिक वृद्धि पर पड़ा है। नगर की बसाहट, क्षेत्र में खुले स्थानों का सर्वथा अभाव है। साथ ही शहर की कुछ घनी बस्तियों में सुधार की आवश्यकता हैं इन क्षेत्रों के घनत्व को कम करने के लिए नये क्षेत्रों के सुनियोजित विकास के साथ–साथ नगर के अन्य कार्यकलापों को नये क्षेत्र में स्थापित किया जावेगा ताकि नगर की बढ़ती आवश्यकताओं की पूर्ति अलग–अलग क्षेत्रों के अनुसार की जा सके। यह भी प्रयास किया गया है कि नगर की यातायात संरचना एवं समस्त सेवा–सुविधाएं नागरिकों को प्राप्त हो सकें। नगर की बसाहट तक मार्गों को जोडा गया है। इस अवधारणा पर नगर एक नियोजित शहर के रूप में विकसित होगा तथा मुख्य मार्ग की खुली भूमि कालांतर में विकसित होगी तथा नगरवासियों को समस्त विकल्पों के साथ नगरीय सेवा–सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

नगर का वर्तमान में विस्तार आगरा–मुम्बई राष्ट्रीय राजमार्ग के परिचम की ओर ही अधिक हुआ हैं। आगरा–मुम्बई मार्ग के पूर्व की ओर रेल्वे लाईन का होना तथा भूमि का ऊँचा–नीचा एवं ढालू होने के कारण विकास उतना अधिक नहीं हो सका जितना पश्चिम की ओर हुआ है। नगर के मध्य से गुजरने वाले आगरा–मुम्बई मार्ग के पश्चिम की ओर राष्ट्रीय राजमार्ग के यातायात दबाव को कम करने के उद्धेश्य सें बायपास मार्ग का विकास किया गया, जिससे भारी वाहनों का आवागमन बायपास मार्ग से होने के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात दबाव कम हुआ हैं। नगर में विभिन्न क्षेत्रीय मार्ग श्रृंखलाओं को विकसित किये जाने की आवश्यकता है ताकि क्षेत्रीय तथा अन्तर राज्यीय मार्गों से नगर के यातायात से वयवस्थित रुप से जोडा जा सकें।

गुना नगर की भावी विकास योजना में सभी संबंधित विकास के पहलुओं मे समन्वय आधार मूल सिंध्दातों के आधार पर तैयार किया जाना आवश्यक है। गुना नगर का विकास बहुआयामी पहलुओं जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि उत्पादन क्षेत्रीय माल वितरण केन्द्र तथा वाणिज्यिक व्यापार औद्यौगिक सेवा केन्दों आदि को ध्यान में रखकर किया जाना प्रस्तावित है।

विकास योजना की रचना निम्न बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुये बनाई जा सकती है :–

1– नगर का प्रकार आकार एवं माप

2– सघन विकास

3– नगरीय प्रबंधन में जन–यातायात व्यवस्था, सरल एवं सामान्य पहुच के साथ।

4– नगरीय परिवेश का पोषण एवं सरंक्षण।

5– नगरीय जीवन स्तर में उत्तरोत्तर गुणात्मक सुधार के साथ, भौतिक, नैतिक एवं स्वास्थ्य में वृद्धि।

6– नगर की भौगोलिक एवं सांस्कृतिक विरासत का पोषण एवं परिमार्जन

7– नगर नियोजन में नागरिकों की अधिकतम सहभागिता को प्रोत्साहन

8– नगर के भौतिक एवं आर्थिक स्वरुप की गतिशीलता में तीव्रता लाना।

9– मूलभूत जीवन आधार प्रणाली के संसाधनों को पुनःचक्रीकरण के व्दारा अनुरक्षित करना।

अध्याय – दो

विकास परिदृश्य तथा प्रस्तावित नगरीय संरचना

2.1 क्षेत्रीय परिदृश्य

मध्यप्रदेश, नगर तथा ग्राम निवेश, अधिनियम, 1973 की धारा–4 के अंतर्गत मध्यप्रदेश को 8 प्रदेशों मे विभक्त किया गया है। गुना नगर, उक्त में से बीना पेट्रोकेमिकल रीजन के अर्न्तगत आता हैं। गुना नगर वर्तमान में रेल्वे का जंक्शन होने तथा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–3 से अन्य महत्वपूर्ण व्यापारिक नगरीय केन्द्रों से जुडा हैं, साथ ही गुना के समीप नेशनल फर्टिलाइजर प्लांट एवं गैस अथारिटी ऑफ इंडिया के प्लांट की स्थापना से यहां व्यापारिक, वाणिजियक एवं औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि हुई है। गुना नगर जिला स्तर का प्रशासनिक मुख्यालय होने के साथ ही आस–पास के मध्यम श्रेणी के नगरों से भी व्यावसायिक संपर्क हैं। गुना नगर उप क्षेत्रीय स्तर का स्वास्थ्य केन्द्र भी है। गुना प्राथमिक रूप से कृषि आधारित क्षेत्र है। इस नगर का वर्तमान परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–3 द्वारा ग्वालियर एवं इन्दौर से सड़क द्वारा सीधा सम्पर्क है। इसी प्रकार 215 कि0मी0 की दूरी पर प्रदेश की राजधानी भोपाल से भी यह सड़क द्वारा जुड़ा हुआ है।

2.2 क्षेत्रीय संदर्भ में महत्व

किसी भी नगर के विकास की दिशा नगर के भौतिक स्वरुप एवं मानवीय प्रयासों से निर्धारित होता है। गुना नगर की आकृति निर्धारित होने में नगर के मध्य स्थित नाला, रेल्वे लाईन, उत्तर–पश्चिम एवं बजरंगगढ की ओर स्थित पहाडियां, कटी जमीन जो सामान्यः नाले से संलग्न हैं को छोडकर कोई भी प्रकृतिक अवरोध शहर के विकास में बाधक नही हैं। समतल क्षेत्र पर बसा होने के कारण इसका विकास चारों दिशाओं की ओर हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्ग क्र–3 ए0बी0 रोड, केन्ट रोड ,अशोक नगर रोड, बजरंगगढ रोड एवं बीना मार्ग के किनारे–किनारे नगर का विकास अधिक हुआ है। नगर में भिन्न–भिन्न कार्यकलापों के अनुरुप भूमि उपयोग का निर्धारण होता है जिसका नगर की गतिविधियों से सीधा संबंध रहता है इसलिये भूमि उपयोग का आपसी सह संबंध एवं उपयोग का अध्ययन आवश्यक है, ताकि अकार्यक्षम एवं असंगत भूमि उपयोग का विश्लेषण किया जा सके।

2.3 निवेश क्षेत्र

गुना नगर के भावी सुनियोजित विकास को दृष्टिगत रखते हुए मध्य प्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 13(2) के अन्तर्गत मध्य प्रदेश शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ–3–28/32/99,भोपाल, दिनांक 1 मई 1999 द्वारा गुना निवेश क्षेत्र जो इस विभाग की अधिसूचना 542/एफ–1–21/33/1974 भोपल 15–2–1974 द्वारा गठित किया गया था की पूर्व निर्धारित सीमाओं में परिवर्तन कर संशोधित गुना निवेश क्षेत्र का गठन किया गया। गुना निवेश क्षेत्र में, गुना नगर पालिका क्षेत्र के अलावा नगरपालिका सीमा के चारों ओर लगे हुए अन्य 11 ग्रामों को शामिल किया गया है। नगर पालिका सीमा सहित गुना निवेश क्षेत्र के ग्रामों का क्षेत्रफल एवं जनसंख्या का विस्तृत विवरण सारणी क्रमांक 2–सा–1 में दिया गया ।

गुना – निवेश क्षेत्र

2–सा–1

क्रमांक	ग्राम का नाम	ग्रामों का क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	जनसंख्या (2011)
1	2	3	4
	(अ) नगरपालिका क्षेत्र		
1	गुना कस्बा	856.0	नगरपालिका में सम्मिलित
2	गुना छावनी (आंशिक)	1797.0	नगरपालिका में सम्मिलित
3	कुसमौदा	648.0	नगरपालिका में सम्मिलित
4	नानाखेडी	209.0	नगरपालिका में सम्मिलित
5	जगनुपुरा	265.0	नगरपालिका में सम्मिलित
6	उमरिया	086.0	नगरपालिका में सम्मिलित
7	रूद्र गुना	009.0	नगरपालिका में सम्मिलित
8	चक गुना	061.0	नगरपालिका में सम्मिलित
	योग (अ)	**3,931.0**	1,80,978
	(ब) ग्रामीण क्षेत्र		
9	सकतपुरा	364.0	2483
10	पिपरोदाखुर्द	838.0	5079
11	चक सिंघाडी	034.0	वीरान
12	सिंघाडी	568.0	998
13	बमोरी बुजुर्ग	406.0	771
14	हिलगना	348.0	1175
15	हीरापुर	280.0	168
16	विनायक खेडी	426.0	2256
17	मुहालपुर	642.0	1506
18	सोजना	678.0	1186
19	माधोपुर	365.0	89
	ग्रामीण क्षेत्र योग (ब)	4949.0	**15711**
	महायोग (अ) + (ब)	**8880.0**	**196689**

स्रोत :– भारतीय जनगणना 2011

नोटः– ग्राम चक सिंघाडी का क्षेत्र ग्राम सिंघाडी मे सम्मिलित होने के कारण मानचित्रों में पृथक से नही दर्शाया गया है।

2.4 नगर पालिका परिषद का गठन :–

गुना नगर पालिका परिषद का गठन म0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1961 के प्रावधानों तहत सन् 1906 में किया गया था जिसमें कुल 06 वार्ड थे। पुनः स्थानीय शासन विभाग की अधिसूचना क्रमांक 41/अठारह 3–94 द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम,1961 की धारा 29 (1) के तहत 37 वार्डो में विभाजित किया गया। नगर पालिका, गुना की सीमा में अंतिम बार वृद्धि, अधीक्षक भू–अभिलेख जिला गुना के आदेश क्र. क्यू–भू–अभिलेख/89 दिनांक 1–7–89 द्वारा की गई जिसके अनुसार नगरपालिका क्षेत्र में सम्मिलित सम्पूर्ण वार्डों के क्षेत्रफल, जनसंख्या एवं घनत्व का विवरण सारणी 2–सा–2 अनुसार हैं :–

गुना : आवासीय घनत्व– वार्डवार

2–सा–2

क	वार्ड का नाम	वार्ड का क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	वार्ड का आवसीय क्षेत्र (हेक्टेयर में)	जनसंख्या 2011	आवासीय घनत्व प्रतिव्यक्ति पर हेक्टेयर
1	2	3	4	5	6
1	डा0 राम मनोहर लोहिया स्वतंत्रता संग्राम सेनानी	225.256	35.00	6287	28
2	वीरांगना दुर्गावती	37.475	34.00	7708	208
3	गणेश शंकर विधार्थी	36.544	35.13	8529	237
4	स्वामी विवेकानंद	21.756	20.15	3832	182
5	शीतला माता	37.782	44.52	4295	116
6	डां0राजेन्द्र प्रसाद	23.986	39.91	3437	149
7	रैदास वार्ड	65.500	17.13	5544	85
8	महाराणा प्रताप	54.925	23.55	9139	169
9	मदनमोहन मालवीय	7.847	8.90	2169	310
10	कर्नल सहगल	5.261	8.48	3301	660
11	महारानी लक्ष्मीबाई	2.480	3.22	1277	639
12	रत्नाकर वार्ड	11.598	5.83	2103	191
13	सुभाष चंन्द्र वार्ड	6.633	7.05	2033	371
14	अशोक वार्ड	15.779	12.35	2133	142
15	लाल बहादुर शास्त्री वार्ड	5.333	7.00	1832	366

क	वार्ड का नाम	वार्ड का क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	वार्ड का आवसीय क्षेत्र (हेक्टेयर में)	जनसंख्या 2011	आवासीय घनत्व प्रतिव्यक्ति पर हेक्टेयर
1	2	3	4	5	6
16	शहीद भगत सिंह वार्ड	28.009	46.30	2998	107
	बूढे बालाजी वार्ड				
17	तात्या टोपे वार्ड	11.651	17.50	1999	181
18	परशुराम वार्ड	20.635	25.72	6263	313
29	चन्द्रशेखर आजाद वार्ड	160.758	69.16	5319	33
20	जगजीवन राम वार्ड	687.876	79.30	13242	19
21	विनोबा भावे वार्ड	26.993	41.00	5368	206
22	डां अम्बेडकर वार्ड	79.025	51.68	4881	62
23	कमला नेहरू वार्ड	274.989	23.61	6714	25
24	राजीव गांधी वार्ड	111.426	53.15	7180	65
25	लोकमान्य तिलक वार्ड	52.894	27.11	4642	89
26	जवाहरलाल नेहरू वार्ड	38.329	46.50	2818	74
27	स्वामी दयानंद सरस्वती	36.949	52.43	3191	89
28	वार्ड	12.460	18.32	3923	327
29	संत कबीर वार्ड	47.523	39.33	10301	219
	संजय गांधी वार्ड				
30	स्वामी शंकराचार्य वार्ड	47.523	18.37	3640	77
31	प. दीनदयाल वार्ड	80.940	48.03	4912	31
32	शिवाजी वार्ड	94.699	57.73	2795	30
33	वाल्मीक वार्ड	19.203	21.08	2440	128
34	लाला देशबंधु वार्ड	227.433	24.98	5079	22
35	महर्षि अरविन्द वार्ड	276.766	47.00	12114	44
36		708.500	34.53	3032	04
37		120.406	41.88	4108	34
	योग	**3706.384**	**1186.93**	**180978**	**49**

स्त्रोत : नगर पालिका परिषद गुना।

नगर के आवासीय घनत्व को जनसंख्या के मान से तीन श्रेणियों में बांटा जा सकता है। जनसंख्या के अध्ययन से स्पष्ट है कि वर्तमान में नगर की 29 प्रतिशत जनसंख्या उच्च घनत्व वाले क्षेत्रों में निवास करती है, जिसका मुख्य कारण मध्य क्षेत्र में निर्मित भूमि उपयोग तथा इससे संलग्न पुरानी बसाहट है जबकि मध्यम श्रेणी तथा निम्न श्रेणी में क्रमशः 9 तथा 62 प्रतिशत जनसंख्या निवास कर रही है।

2.5 जनसंख्या परिवर्तन :–

नगर में जनसंख्या परिवर्तन भिन्न–भिन्न कारणों से होता है। किसी भी नगर की विकास योजना तैयार करने हेतु नगर की जनसंख्या का अध्ययन अत्यावश्यक होता है, ताकि वर्तमान जनसंख्या के आधार पर भावी जनसंख्या का आकंलन कर भविष्य की आवश्यकताओं हेतु विभिन्न भूमि उपयोग की आवश्यकताओं के प्रस्तावों का निर्धारण किया जा सकें। नगर के पिछले दशकों की जनसंख्या **2–सा–3** सारणी में दर्शाई गई है :–

गुना :– जनसंख्या परिवर्तन

2–सा–3

क	वर्ष	जनसंख्या	दशक वृद्धि
1.	2.	3.	4
1.	1951	22221	44.9
2.	1961	31031	39.6
3.	1971	42330	36.4
4.	1981	64655	52.7
5.	1991	100498	55.26
6.	2001	137175	–36.49
7.	2011	180978	57.9

स्त्रोत :– भारतीय जनगणना

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि गुना नगर की जनसंख्या वृद्धिदर वर्ष 1951 से 1981 तक मध्यम रही, जबकि वर्ष 1981 से 1991 तक 55.26 प्रतिशत तक वृद्धि दर पाई गई जो वर्ष 2001 घटकर 36.49 तक रह गई । वर्ष 2011 में बृद्धिदर 57.9 प्रतिशत तक पहुच गई।

2.6 नगर के मुख्य कार्यकलाप

यह नगर जिला स्तरीय प्रशासनिक केन्द्र, लघु उद्योग केन्द्र एवं वाणिज्यिक केन्द्र के रूप में कार्यरत हैं। गुना जिला मुख्यालय होने से जिला स्तर की समस्त गतिविधियां यहां संचालित है। कृषि उपज की बड़ी मंडी है। यह सब्जी, इमारती लकड़ी, लोहे का सामान, दवाइयां आदि का थोक व्यापार केन्द्र भी है। गुना नगर के पास गैस अर्थारिटी ऑफ इंडिया एवं नेशनल फर्टिलाइजर प्लांट स्थापित

होने से औद्योगिक गतिविधियां, सहायक उद्योग के रूप में भी कार्यरत है जो नगर की आर्थिक उन्नति में सहभागी है।

2.7 जनसंख्या आंकलन

विभिन्न पध्दतियों से गुना निवेश क्षेत्र की जनसंख्या का आंकलन वर्ष 2031 के लिये अनुमानित किया गया है। जनसंख्या आंकलन में आब्रजन एक महत्वपूर्ण बिन्दु है हालांकि आव्रजन नापने के लिये काई ठोस आधार उपलबध नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र एवं छोटे नगरों से रोजगार की तलाश तथा शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य परियोजनों के लिये लोग गुना में आते है यहीं पर बस जाते हैं जिसके कारण आवासीय इकाईयों की आवश्यकता होती है। गुना निवेश क्षेत्र की जनसंख्या आंकलन में यह बिन्दु अपरोक्ष रुप से सम्मिलित किया जाकर नगर की जनसंख्या 2011 में 1,80,978 तथा **2031** में **3.41** लाख अनुमानित है।

2.8 गंदी बस्ती एवं झुग्गी/झोपड़ी क्षेत्र

गुना में नगर पालिका व्दारा 31 गंदी बस्तियॉ अधिसूचित की गई हैं जिसमे 51653 जनसंख्या निवासरत है। नगर पालिका गुना व्दारा इन गंदी बस्ती क्षेत्रों में मूल–भूत सार्वजनिक सुविधाओं का विकास किया गया है, इनमें से कुछ बस्तियॉ जलग्रहण क्षेत्रों में प्रस्तावित वृक्षारोपण क्षेत्र के अंतर्गत भी विकसित हुई है। गंदी बस्तियों के पर्यावरण सुधार हेतु आवश्यक है कि इनकी रोकथाम, विकास निर्मूलन एवं पुनर्स्थापना हेतु एकीकृत कार्यक्रम चलाया जावे। इस हेतु निम्नानुसार प्रयास किया जाना प्रस्तावित है :–

(1) भवन निर्माण उपविधि में संशोधन एवं परिक्षेत्रक नियमों का निर्धारण एवं उनका पालन।

(2) आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग हेतु आरक्षित भूमि का निश्चित समय– सीमा में उसी वर्ग के लिए विकास।

(3) गंदी बस्ती क्षेत्र में पर्यावरण सुधार हेतु सार्वजनिक सुविधाओं का विकास।

(4) जिन गंदी बस्ती क्षेत्रों को वर्तमान स्थान पर पर्यावरण सुधार कर रखा जाना संभव नहीं हो, उनको स्थानांतरित कर नवीनस्थल पर पुनर्स्थापना करना।

2.9 अनुमानित आवास आवश्यकता

आवासीय इकाइयों की भावी आवश्यकताओं का अनुमान भावी जनसंख्या, परिवार का आकार तथा वर्तमान एवं भावी आर्थिक, सामाजिक परिस्थिति आदि पर आधारित होता है। जनगणना 2011 के अनुसार गुना नगर में 32905 आवासों में 34383 परिवार निवास करते हैं। नगर में लगभग 1478 आवासीय इकाइयों की कमी पाई गई है। वर्ष 2011 में नगर में औसत परिवार आकार 5.26 व्यक्ति है। वर्ष 2021 में औसत परिवार आकार 5.10 तथा वर्ष 2031 में औसत परिवार आकार 5.00 मानते हुए आवश्कताओं का अनुमान किया गया है। वर्ष 2031 में नगर की अनुमानित जनसंख्या 3.41 लाख के अनुमान से परिवार आकार 5 व्यक्ति के आधार पर आवासीय इकाइयों की आवश्कताओं का विवरण सारणी 2–सा–4 में दर्शाया गया है।

गुना :– अनुमानित परिवार एवं आवास आवयकताऐं

2–सा–4

क्र.	विवरण	वर्ष		
		2011	2021	2031
1	2	3	4	5
1	जनसंख्या लाखों में	1.80	2.45	3.41
2	अतिरिक्त जनसंख्या लाखों में	–	0.65	0.96
3	औसत परिवार आकार	5.26	5.10	5.00
4	वर्तमान परिवारों की संख्या	34383	–	–
5	वर्तमान आवासों की संख्या	32905	–	–
6	वर्तमान में आवासों की कमी	1478	–	–
7	अतिरिक्त परिवार	–	12745	19200
8	2021 में 85 प्रतिशत एवं 2031 में 90 प्रति. की दर से परिवारों हेतु आवासीय इकाइयों की आवश्यकता		10833	17280
9	प्रति वर्ष 1.00 प्रतिशत की दर से आवासों का पुर्ननिर्माण	300	330	437
10	2031 में आवासीय इकाइयों की आवश्यकता	–	–	30358

2.10 विभिन्न वर्गो हेतु आवासीय इकाईयों की आवश्यकता

भावी आवासीय इकाईयों की आवश्यकता का अनुमान नगर के सभी आर्थिक वर्गो हेतु किया गया है। अतः समाज के विभिन्न आर्थिक वर्ग जैसे उच्च आय वर्ग, मध्यम आय वर्ग, निम्न आय वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग हेतु आवास गृहों की आवश्यकताओ को अनुमानित किया जाना आवश्यक है जो नगर की वर्तमान आर्थिक तथा सामाजिक परिस्थितियों पर आधारित है। अतः नगर के भावी आर्थिक, सामाजिक संरचना के आाधार पर 8 प्रतिशत उच्च आय वर्ग, 20 प्रतिशत मध्यम आय वर्ग, 30 प्रतिशत निम्न आय वर्ग तथा म.प्र. शासन द्वारा घोषित आवास नीति के प्रावधान अनुसार 42 प्रतिशत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अनुपात कुल आवासीय आवश्यकता का विभाजन किया गया।

2.11 नगरीय विकास हेतु आवश्यक क्षेत्र

वर्ष 2031 तक अनुमानित लगभग एक लाख अतिरिक्त जनसंख्या के लिये विकास प्रस्तावों की आवश्यकता होगी। गुना निवेश क्षेत्र में वर्तमान विकसित क्षेत्र 1619.50 हेक्टेयर है तथा वर्तमान आबादी लगभग 1.81 लाख है। इस प्रकार वर्तमान भूमि उपयोगिता दर 8.93 हेक्टेयर प्रति हजार व्यक्ति है।

यू0डी0पी0एफ0आई0 मार्गदर्शी सिध्दांतों के अनुसार 3.41 लाख जनसंख्या हेतु 10 हेक्टेयर प्रति हजार की दर से लगभग 3410 हेक्टेयर क्षेत्र की आवश्यकता होगी।

2.12 भूमि उपलब्धताः–

निवेश क्षेत्र में जलाशय/नाला, बाढ प्रभावित क्षेत्र, रक्षित वन तथा रेल्वे क्षेत्र को छोडकर लगभग 4,122.97 हेक्टेयर भूमि भावी नगरीय विकास हेतु उपलब्ध हैं। विस्तृत विवरण सारणी **2–सा–5** अनुसार है।

गुनाः भूमि उपलब्धता

2–सा–5

क्रमांक	भूमि उपयोग	कुल भूमि हैक्टर में	प्रतिशत
1	2	3	4
1	विकसित क्षेत्र	1619.50	18.24
2	अनुपयुक्त भूमि (योग=अ+ब+स)	1926.00	21.69
	अ– जलाश्य/ नाला	94.00	
	ब– जल प्रभावित क्षेत्र	50.00	
	स– रक्षित वन क्षेत्र	1750.00	
	द– रेल्वे क्षेत्र	32.00	
3	उपयोगी भूमि	5334.5	60.07
	योग	8880.00	100.00

स्त्रोतः– नगर तथा ग्राम निवेश के सर्वेक्षण पर आधारित।

2.13 विकास योजना 2031 की आवधारणा

गुना विकास योजना 2031 में नगर स्तर के थोक एवं विशेषीकृत वाणिज्यिक केन्द्र, प्रशासनिक एवं मनोरंजन केन्द्र आदि के प्रस्ताव दिए गए हैं। मार्ग संरचना में सुगम यातायात की दृष्टि से विशेष ध्यान दिया गया है। इस योजना में क्षेत्रीय/नगर स्तर के 80/45/30/24 मीटर चौड़े मार्गो से लेकर वृत्तखण्ड/उप वृत्तखण्ड स्तर के 18–12 मीटर तक के मार्ग प्रस्तावित किये गये है। गुना नगर के समीप से ग्वालियर–देवास फोर लाईन के प्रस्तावित होने के कारण नगर में औद्योगिक एवं वेयर हाउसिंग आदि की मांग में वृद्वि के साथ अन्य उपयोगों में भी भूमि की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए भू–उपयोग प्रस्तावित किए गए है। विकास योजना 2031 की आवधारणा का मुख्यतः निम्न बिन्दु हैः

1. युक्ति–युक्त भूमि उपयोग द्वारा नियोजित शहरी विकास।
2. प्राकृतिक वन, पहाडियों, नालों संवेदनशील क्षेत्रों का संरक्षण।

3. एकीकृत जल प्रदाय,जल–मल निकास एवं वर्षाकाल की जल निकासी की व्यवस्था।

4 घनी आबादी वाले क्षेत्रों की सघनता को कम करने के लिए विकास नियमनों को सरल एवं लचीला बनाना

5. शहर के घने क्षेत्रों का पर्यावरण सुधार।

6. व्यवसाय एवं औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के माध्यम से रोजगाार के अवसर उपलब्ध कराना

2.14 प्रस्तावित भूमि उपयोग एवं भूमि आवंटन

नगर के भावी स्वरुप के निर्धारण हेतु भावी जनसंख्या तथा आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक अधोसंरचना एवं सेवा सुविधाओं, आमोद–प्रमोद की आवश्यकताओं का आंकलन कर विभिन्न भूमि उपयोग के अन्तर्गत भूमि की आवश्यकता का निर्धारण किया गया है। वर्तमान में भूमि उपयोग विश्लेषण के आधार पर प्रति 1000 जनसंख्या के पीछे 8.93 हैक्टेयर का क्षेत्र उपयोग में लाया जा रहा है। प्रस्तावित विकास योजना में भावी आवश्यकताओं के आधार पर प्रति 1000 जनसंख्या के पीछे 8.53 हेक्टेयर क्षेत्र प्रस्तावित किया गया है जिसका विवरण सारणी 2–सा–6 में दिया गया है।

गुना : प्रस्तावित भूमि उपयोग 2031

2–सा–6

क0	भूमि उपयोग वर्गीकरण	विकसित क्षेत्र 2013 (हेक्टेयर में)			प्रस्तावित क्षेत्र 2031 (हेक्टेयर में)		
		क्षेत्रफल	प्रतिशत	भूमि उपयोग दर	क्षेत्रफल	प्रतिशत	भूमि उपयोग दर
1	2	6	7	8	9	10	11
1	आवासीय	1190.09	73.49	6.57	1665	57.40	4.90
2	वाणिज्यिक	96.60	5.96	0.53	125	4.32	0.37
3	औद्योगिक	54.00	3.33	0.30	250	8.62	0.74
4	सार्वजनिक एवं अर्ध सार्वजनिक	65.31	4.03	0.36	140	4.82	0.41
5	सार्वजनिक उपयोगिता एवं सेवा–सुविधाएं	31.50	1.95	0.17	30	1.04	0.09
6	आमोद–प्रमोद	17.00	1.05	0.09	400	13.80	1.17
7	यातायात एवं परिवहन	165.00	10.19	0.91	290	10.00	0.85
	योग	1619.50	**100.00**	**8.93**	2900	100.00	8.53

टीप–: भूमि उपयोग दर एवं भू–आवंटन 8.53 हेक्टेयर प्रति 1000 जनसंख्या के मान से दिये गये हैं। वर्तमान में भूमि उपयोग विशलेषण के आधारपर प्रति 1000 जनसंख्या के पीछे 8.93 हैक्टेयर का क्षेत्र उपयोग में लाया जा रहा है।

2.15 भूमि उपयोग प्रस्तावों का विवरण

2.15.1. आवासीय

वर्तमान में नगरीय क्षेत्र का औसत आवासीय घनत्व 204 व्यक्ति प्रति हेक्टेयर है। नगर की सघन बसाहट मुख्यतः मध्य क्षेत्र में ही है। इस क्षेत्र में बसे हुए व्यक्तियों द्वारा भवनों का उपयोग वाणिज्यिक गतिविधियों के रुप में किया जा रहा है। व्यवसायियों द्वारा रहवासीयों भवनों में ही थोक एवं फुटकर व्यापार एवं आवासीय गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिसके कारण आवासीय घनत्व में बृद्धि हो रही है। नगर के मध्य क्षेत्र में वाणिज्यिक एवं आवासीय घनत्व के दबाव में कमी हेतु इनका विकेन्द्रीकरण किया जाना अत्यन्त आवश्यक है जिसके लिये वाणिज्यिक उपयोग को युक्तियुक्त रुप से प्रस्तावित किया जा रहा है ताकि नगर के बाहरी क्षेत्रों में अधोसंरचना का विकास कर, मध्य क्षेत्र की व्यापारिक गतिविधियों का स्थानान्तरण सम्भव हो सके। नगर के आवासीय घनत्व को कम करने की दृष्टि से विकास योजना में 204 व्यक्ति प्रति हेक्टेयर के आधार पर आवासीय भूमि की आवश्यकतों का निर्धारण किया गया है। इस प्रकार प्रति एक हजार व्यक्ति हेतु लगभग 4.90 हेक्टेयर आवासीय भूमि का प्रावधान प्रस्तावित किया गया है। अतः 3.41 लाख की अनुमानित जनसंख्या हेतु 1665 हेक्टेयर आवासीय भूमि प्रस्तावित है।

2.15.2 वाणिज्यिक

विकास योजना में विविध प्रकार की वाणिज्यिक गतिविधियों हेतु 125 हेक्टर क्षेत्र प्रस्तावित किया गया है जो कुल प्रस्तावित विकसित क्षेत्र का 4.32 प्रतिशत है। वाणिज्यिक गतिविधियों का प्रकार एवं उनकी गतिविधियों हेतु प्रावधानिक भूमि के संबध में जानकारी सारणी 2–सा–6 में दी गई है।

2.15.3 औधोगिक

गुना औद्यौगिक दृष्टि से पिछडे जिले की श्रोणी के अंतर्गत आता है। जिला मुख्यालय होने के साथ ही साथ रेल तथा सडक मार्गो से जुड़ा होने तथा सस्ते श्रमिक उपलब्ध होने के उपरांत भी यहां पर अपेक्षित औद्योगिक विकास नही हो पाया है। मध्यप्रदेश शासन की नवीन औद्यौगिक नीति के अंतर्गत यहां पर औद्योगिक विकास हेतु रियायतें एवं सुविधाएं दी जा रही हैं जिसके चलते नगर के करीब ही राष्ट्रीय उर्वरक कारखाना, गैस अथारिटी आफॅ इंडिया की स्थापना तथा शुगर मिल की स्थापना संभव हुई है।

नगर में कृषि आधरित उद्योगों की प्रबल संभावनाएं है जिसको दृष्टिगत रखते हुए निवेश इकाई क्रमांक 2 में 250 हेक्टर भूमि का प्रावधान विकास योजना में किया गया है जो विकसित क्षेत्र का लगभग 8.62 प्रतिशत आता है।

2.15.4 सार्वजनिक एवं अर्ध सार्वजनिक

इस उपयोग के अन्तर्गत नगर में वर्तमान में 140 हेक्टेयर भूमि हैं जो कुल प्रस्तावित भूमि का 4.82 प्रतिशत आता है। विकास योजना में भावी जनसंख्या को दृष्टिगत रखते हुये आवश्यकता की पूर्ति हेतु विभिन्न निवेश इकाइयों में प्रस्तावित की गई है। वर्तमान में संगठित प्रशासनिक परिसर निवेश इकाई क्रमांक 3 में स्थित है। अतः नगर में यत्रं–तत्रं संचालित शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्यालयों हेतु जिला कार्यालय परिसर के पास ही लगकर रिक्त भूमि को प्रस्तावित किया गया है।

उपरोक्त के अतिरिक्त विभिन्न निवेश इकाई स्तर पर स्वास्थ्य, शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं कार्यालयों की निवेश इकाई स्तर, वृत्त खण्ड स्तर एवं उप वृत्तखण्ड स्तर की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु विकास योजना में समुचित प्रावधान किया गया है। विकास योजना में प्रस्तावित अतिरिक्त क्षेत्र का विभाजन वर्तमान आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

2.15.5 सार्वजनिक सेवाएं एवं उपयोगिता

इस उपयोग के अन्तर्गत निवेश इकाइयों में विभिन्न स्तर की आवश्यकता की पूर्ति हेतु 30 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र प्रस्तावित किया गया है जबकि वर्तमान में इस उपयोग के अन्तर्गत 9 हेक्टयर क्षेत्र आता है। सार्वजनिक सेवाएं एवं उपयोगिता अन्तर्गत कब्रिस्तान, श्मशान, विद्युत उप केन्द्र, जल वितरण एवं शुद्विकरण संयंत्र आदि आते है जिनके लिये आवश्यक स्थल का चयन, स्थल स्थिति एवं तकनीकि आवश्यकता अनुरूप, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जिला प्रशासन एवं स्थानीय निकाय के परामर्श से किया जावेगा। आक्सीडेशन पौंड हेतु 10 हेक्टेयर भूमि निवेश इकाई क्रमांक 2 में प्रस्तावित की गई हैं एवं बजरंगगढ़ मार्ग पर वर्तमान ट्रेचिंग ग्राउंड यथावत कार्यरत रहेगा।

2.15.6 अमोद–प्रमोद

इस उपयोग के अंतर्गत कुल 400 हेक्टर भूमि प्रस्तावित की गई है जो कुल विकसित क्षेत्र का 13.80 प्रतिशत है। इस उपयोग अंतर्गत क्षेत्रीय उद्यान, नगर उद्यान, खेल मैदान, खुले क्षेत्र, मेला मैदान एवं अन्य आमोद–प्रमोद गतिविधियां आती है। विकास योजना में बूढ़े बालाजी परिसर एवं हनूमान टेकरी के पास क्रमशः 5 एंव हेक्टर भूमि मेला मैदान हेतु प्रस्तावित की गई है। भुजरिया तालाब का पर्यावरण सुधार कर इसके निकट उद्यान विकसित किया जाना प्रस्तावित है। आक्सीडेशन पॉड के चारों ओर तथा नगर के मध्य स्थित नालों के किनारे वृक्षारोपण किया जाना प्रस्तावित किया गया है।

इसी प्रकार अशोकनगर मार्ग पर बीना एवं इटावा रेलमार्ग के मध्य स्थित सिंगवासा डेम के पास झीलोद्यान एवं पिकनिक स्थल प्रस्तावित किया गया है। नगर में ए.बी. रोड पर निवेश इकाई क्रमांक 3 में स्थित स्टेडियम, नगर की भावी आवश्यकता की पूर्ति के लिए पर्याप्त है। साथ ही वर्तमान समस्त आमोद–प्रमोद स्थल उद्यान आदि का संरक्षण एवं संवर्धन किया जाना भी प्रस्तावित है।

2.15.7 यातायात एवं परिवहन

इस उपयोग के अन्तर्गत यातायात अवसान केन्द्र, वाहन विराम स्थल, बस स्थानक तथा परिवहन संबंधी सभी सेवा –सुविधाओं का समावेश होता है। विकास योजना में इस उपयोग हेतु 290 हेक्टेयर भूमि का प्रावधान किया गया है, जो कुल विकसित क्षेत्र का 10 प्रतिशत आता है।

2.16 निवेश इकाईयां

तुलनात्मक दृष्टि से परिपूर्ण एवं आत्मनिर्भर निवेश इकाई के मूल सिद्धान्त के आधार पर नगर की विकास योजना तैयार की गई हैं। विकास योजना में नगर केन्द्र, मुख्य कार्य केन्द्र, नगर स्तरीय विभिन्न स्वास्थ्य एवं आमोद–प्रमोद केन्द्र, बस स्टैण्ड तथा यथा सम्भव रेल्वे स्टेशन से इन इकाईयों को समुचित रूप से जोडा गया है। प्रत्येक इकाई को आवासीय क्षेत्रों एवं वृत खण्डों में विभाजित किया गया है जिससे वृत खण्ड, उप वृत खण्ड स्तरीय बाजार एवं अन्य सेवा सुविधा उपलब्ध होगी। नगर में विद्यमान विभिन्न भूमि उपयोगों एवं प्रस्तावित विकास के स्वरूप को ध्यान में रखते हुए नगर की भौतिक रचना के अनुरूप एक सुलभ एवं सरल आकार प्रदान कर इसे पांच निवेश इकाईयों मे विभाजित किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

निवेश इकाई का विस्तृत विवरण सारणी का 2–सा–7 में अंकित है।

गुनाः– निवेश इकाईवार भूमि उपयोग (हेक्टयर में)

2–सा–7

निवेश इकाई कमांक	क्षेत्रफल		योग 2+3	कृषि एवं अन्य भूमि	महायोग 4+5
	वर्तमान	अतिरिक्त प्रस्तावित			
1	2	3	4	5	6
1	587.47	555.63	1143.10	1188.76	2331.86
2	283.30	855.34	1138.64	284.95	1423.59
3	394.13	214.52	608.65	676.75	1285.40
4	411.33	709.60	1120.93	1900.90	3021.83
5	228.87	440.70	669.57	794.56	1464.12
योग	1905.10	2775.79	4680.89	4845.92	9526.80

2.16.1 निवेश इकाई क्रमांक –1

इस निवेश इकाई की सीमा पश्चिम में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 3 ए.बी.रोड होते हुये, हनुमान टेकरी तक निवेश क्षेत्र की पश्चिमी सीमा तक मानी गई है। इस निवेश इकाई का कुल क्षेत्रफल 2331. 86. हेक्टेयर है जिसमें 587.47 हेक्टेयर भूमि वर्तमान विकसित क्षेत्र में तथा **555.63** हेक्टेयर भूमि की भूमि विभिन्न भूमि उपयोगों में अतिरिक्त प्रस्तावित है। इस निवेश इकाई में मुख्यतः वर्तमान आबादी क्षेत्र, व्यवसायिक, क्षेत्र, बस स्टेण्ड शैक्षणिक संस्थाएं, मुख्य चिकित्सालय तथा प्रमुख बाजार केन्द्र सम्मिलित हैं।

2.16.2 निवेश इकाई क्रमांक –2

इस निवेश इकाई की सीमा हनुमान टेकरी निवेश क्षेत्र की उत्तरी सीमा से हाट रोड होते हुए हनुमान चौराहा तक तथा हनुमान चौराहा से ए.बी. रोड होते हुए उत्तर पूर्व दिशा की ओर निवेश क्षेत्र सीमा तक का क्षेत्र सम्मिलित किया गया है। इस निवेश इकाई में मुख्य रूप से व्यावसायिक केन्द्र, म.प्र. शासन एवं केन्द्र शासन के कुछ कार्यालय जैसे प्रमुख डाकघर, डाक एवं तार घर, पशु चिकित्सालय, विद्यालय, विश्रामगृह, पंचायत कार्यालय के साथ ही साथ नवीन विकसित आबादी का क्षेत्र भी इसमें सम्मिलित हैं, इन सबके साथ साथ कृषि उपज मंडी का क्षेत्र भी इस निवेश इकाई में सम्मिलित है। इस निवेश इकाई का कुल क्षेत्रफल 1423.59 हेक्टेयर है जिसमें 283.30 हेक्टेयर क्षेत्र विकसित तथा शेष 855.34 हेक्टेयर क्षेत्र भावी विकास के लिए प्रस्तावित है।

2.16.3 निवेश इकाई क्रमांक– 3

.3 निवेश इकाई क्रमांक– 3

इस निवेश इकाई की सीमा उत्तर–पूर्व की ओर निवेश क्षेत्र सीमा से ए. बी. रोड होते हुए हनुमान चौराहा तक तथा हनुमान चौराहा से अशोक नगर मार्ग होते हुए पूर्व दिशा की ओर निवेश क्षेत्र सीमा तक का क्षेत्र सम्मिलित है। इस निवेश इकाई का कुल क्षेत्रफल 1285.40 हेक्टेयर क्षेत्र वर्तमान विकसित क्षेत्र 394.13 हेक्टेयर क्षेत्र है तथा भावी विकास के लिए 214.52 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित है। इस निवेश इकाई में मुख्य रूप से प्रशासनिक क्षेत्र, शासकीय कर्मचारी आवास, पुलिस परेड ग्राउण्ड, स्टेडियम, आरक्षित वन, पार्क एवं जल प्रदाय क्षेत्र के साथ ही साथ, आवासीय, वाणिज्यिक एवं हवाई पटटी भी सम्मिलित है।

2.16.4 निवेश इकाई क्रमांक– 4

इस निवेश इकाई की सीमा में पूर्व की ओर निवेश क्षेत्र सीमा से अशोक नगर मार्ग हेतु हुए हनुमान चौराहा तक एवं हनुमान चौराहे से ए.बी. रोड होते हुये जय स्तंभ चौक तक एवं जय स्तंभ चौक से बजरंगगढ रोड़ होते हुये निवेश क्षेत्र की पूर्वी सीमा तक का क्षेत्र सम्मिलित किया गया है। इस निवेश इकाई का कुल क्षेत्रफल 3021.83 हेक्टेयर है जिसमें से 411.33 हेक्टेयर क्षेत्र विकसित क्षेत्र है

एवं शेष 709 हेक्टेयर क्षेत्र भावी विकास के लिए प्रस्तावित किया गया है । इस निवेश इकाई में मुख्य रूप से प्रशासनिक क्षेत्र, रेल्वे स्टेशन क्षेत्र, आवासीय एवं व्यावसायिक क्षेत्र सम्मिलित हैं।

2.16.5 निवेश इकाई कमांक–5

इस निवेश इकाई में निवेश क्षेत्र की दक्षिण पूर्वी सीमा से बजरंगगढ मार्ग होते हुये जय स्तंभ चौक तक तथा जय स्तंभ चौक से ए.बी. रोड मार्ग होते हुए ट्रांसपोर्ट नगर के पास निवेश क्षेत्र की सीमा तक का क्षेत्र सम्मिलित किया गया हैं। इस निवेश इकाई का कुल क्षेत्रफल 1464.12 हेक्टेयर है जिसमें 228.87 हेक्टेयर क्षेत्र विकसित है तथा शेष 440.70 हेक्टेयर भूमि भावी विकास के लिए सुरक्षित रखी गई है। इस निवेश इकाई में मुख्य रूप से ट्रांसपोर्ट नगर, औद्योगिक क्षेत्र, व्यावसायिक क्षेत्र तथा वर्तमान आबादी क्षेत्र के साथ ही भुजरिया तालाब का क्षेत्र भी सम्मिलित है।

2.17 पुनर्विकास क्षेत्र

शहर की विकास प्रक्रिया के कारण नगर के अन्दर के भाग विकास की दृष्टि से केन्द्रीय स्थिति प्राप्त कर लेते है, जिससे इनका भू–मूल्य अधिक हो जाता है। ऐसे क्षेत्रों की पुनर्विकास क्षेत्र के रुप में चयनित किया जा सकता है। ऐसे क्षेत्रों की विकास नीति निम्नलिखित बिन्दुओं के व्दारा संचालित की जाएगी :–

(अ) उच्च मूल्य वाली अकार्यक्षम भूमि उपयोग अंतर्गत भूमि/क्षेत्र जिस भूमि की अन्य सक्षम उपयोग हेतु मांग अधिक है उन्हें पुनर्घनत्वीकरण/पुनर्विकास क्षेत्रों के रुप में चयनित किया जावे।

(ब) पुनर्विकास परियोजना को विशेष परियोजना के रुप में माना जावेगा। इन परियोजनाओं का विस्तृत रुपांकन, नगरीय रुपांकन के दृष्टिकोण के आधार पर करने के पश्चात् नियोतन प्रस्ताव, स्वीकृत किए जावेगें।

(स) ऐसे परिसरों के उपयोगों/गतिविधियों का निर्धारण, अनुकूलता स्तर जिसे आसपास के उपयोगों/गतिविधियों व्दारा प्रभावित किया गया है को ध्यान में रख कर किया जावेगा।

(द) स्वीकार्य विकास का घनत्व, उपयोगिता एवं अधोसंरचना की वहन क्षमता और उसका आसपास के क्षेत्र पर प्रभाव से निर्धारित होगा। यदि क्षेत्र में उन्नत पर्यावरण एवं यातायात सुधार की दृष्टि से पुनर्विकास योजना तैयार की जाती है तो उस स्थिति में फर्शी क्षेत्र अनुपात उस क्षेत्र हेतु निर्धारित फर्शी क्षेत्र अनुपात से 0.25 अधिक मान्य किया जा सकता।

भू–स्वामी अपने भूखण्ड में से कुछ भूखण्डीय क्षेत्र सार्वजनिक उपायोग जैसे–सडक, फुटपाथ पार्किंग इत्यादि हेतु छोडता है तो उस भूखण्ड पर सामान्य स्वीकार्य एफ0ए0आर0 एवं सार्वजनिक उपायोग हेतु छोडी जाकर स्थानीय संस्था को समर्पित किये गये भूखण्ड क्षेत्र की भूमि के दो गुना तक फर्शी क्षेत्र अनुपात में जोड़ा जा सकेगा।

विभिन्न गतिविधियों की पुनर्विकास के प्रस्ताव सारणी 2–सा–8 में दर्शाए गए है।

गुनाः पुनर्विकास हेतु प्रस्तावित क्षेत्र

2—सा—8

कमांक	पुनर्विकास हेतु प्रस्तावित क्षेत्र	विवरण	प्रस्ताव
1	2	3	4
1	पुराना बस स्टेण्ड/डिपो जय स्तम्भ चौराहा के पास ए0बी0रोड़	पुराने बस स्टेण्ड डिपो की बस स्टेण्ड स्थानांतरित होने से रिक्त है जिसमें आर0टी0ओ0 कार्यालय चल रहा है पूर्नघनत्वीकरण योजना के तहत पुनर्विकरण प्रस्तावित।	मध्य में स्थित रिक्त क्षेत्र पर अतिरिक्त पार्किगं सार्वजनिक एवं अर्ध सार्वजनिक उपयोग प्रस्तावित है।
2	ओल्ड नगर पालिका केम्पस धोसी पुरा रोड	नये भवन हाट रोड़ में नगर पालिका भवन स्थानांतरित होने के बाद नगर पालिका के कर्मचारियों हेतु है।	आवासीय उद्देश्य हेतु प्रस्तावित।
3	पुराने नगरपालिका के आवासीय भवन घोसीपुरा रोड़	घोसीपुरा रोड़ पर पुराने नगर पालिका आवासीय भवन तोड़कर रिक्त होने पर जी—2 भवन बनाये जाने हेतु प्रस्तावित।	आवासीय उद्धेश्य हेतु प्रस्तावित।
4	उप संचालक कृषि विभाग घोसीपुरा रोड़	पुराने भवन तोड़कर रिक्त भूमि होगी जिस पर पुनः विकास प्रस्तावित किया गया है।	सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक उपयोग हेतु प्रस्तावित है।
5	पुराना कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय कोतवाली के पास।	पुराने भवन तोड़कर भूमि रिक्त होगी जिस पर पुनः विकास प्रस्तावित किया गया है।	सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक उपयोग हेतु प्रस्तावित है।
6	वृदा आश्रम प्रागांण ग्राम नानाखेडी की भूमि में स्थित	पुराना भवन तोड़कर रिक्त भूमि होगी जिस पुन पुनः विकास प्रस्तावित किया गया है।	आवासीय उद्धेश्य हेतु प्रस्तावित।
7	बिक्रीकर कार्यालय घोसीपुरा रोड	पुराना भवन तोड़कर भूमि रिक्त होगी जिस पर पुर्नविकास प्रस्तावित किया गया है।	सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक

2.18 असंगत भूमि उपयोगों की पुनर्स्थापना

विभिन्न गतिविधियों की पुनर्स्थापना से रिक्त हुए स्थल के उपयोग के प्रस्ताव सारणी 2–सा–9 में दर्शाए गए है।

गुनाः– असंगत एवं अकार्यक्षम भूमि उपयोग

2–सा–9

क	विवरण	वर्तमान स्थिति	समस्या एवं प्रस्तावित	रिक्त स्थान का प्रस्तावित उपयोग
1	2	3	4	5
अ	**असंगत भूमि उपयोग**			
1	गुमठी/ठेले	सदर बाजार हाट रोड	यातायात में बाधा होने के कारण इसी क्षेत्र में व्यवस्थित किया जाना प्रस्तावित ।	–
2	मरम्मत एवं वेल्डिंग की दुकानें	बजरंगढ रोड,बस स्टेण्ड के पास ए0बी0रोड के किनारे	यातायात में वाधा एवं पर्यावण पर असर ट्रांसर्पोट नगर में अथवा आसपास।	पार्किग एवं पदचारी मार्ग।
3	ट्रांसर्पोट एजेंसी	ए0बी0रोड एवं जय स्तंभ चौराहा।	यातायात में बाधा	पार्किगं एवं पदचारी मार्ग।
4	आरा मशीन	बजरंगगढ रोड	प्रदूषणकारी इसी मार्ग पर आगे, मार्ग मध्य से 50 मीटर छोडकर	वाणिज्यिक आवासीय
5	प्रायवेट बस स्टैण्ड	ए0बी0रोड	यातायात में वाधक नये बस स्टैण्ड में	पार्किग
6	वर्क शॉप मध्यप्रदेश राज्य परिवहन निगम	ए0बी0रोड	प्रदूषणकारी ट्रांसर्पोट नगर में स्थानांतरण।	सार्वजनिक एवं अर्ध–सार्वजनिक
ब	**अकार्यक्षम भूमि उपयोग**			
1	वाणिज्यिक			

क्र	विवरण	वर्तमान स्थिति	समस्या एवं प्रस्तावित	रिक्त स्थान का प्रस्तावित उपयोग
1	2	3	4	5
क	पुरानी गल्ला मण्डी	ए0बी0रोड तथा हाटरोड बाजार के मध्य	वाणिज्यिक केन्द्र में	सामान्य वाणिज्यिक उपयोग
ख	आरामशीन	सुभाष रोड	टिम्बर मार्केट	वाणिज्यिक
ग	स्टेडियम के सामने गुमठी	ए0बी0रोड	यातायत नगर	स्टेडियम पार्किग एवं खुला क्षेत्र
2	**सार्वजनिक एवं अर्ध–सार्वजनिक**			
क	पशु चिकित्सायलय	हाट रोड	योजना इकाई	वाणिज्यिक
ख	घास मण्डी	छावनी रोड	ग्राम नानाखेडी पिपरोदा नवीन कृषि उपज मण्डी	वाणिज्यिक

स्तोतः–नगर तथा निवेश का सर्वेक्षण

2-19 xke fodkl

गुना निवेश क्षेत्र में स्थित ग्राम आबादी जो विकास योजना के कृषि क्षेत्र में स्थित है, उनका विस्तार (जिसमें सामाजिक एवं भौतिक अधोसंरचना का विकास भी सम्मिलित है) वर्तमान ग्राम आबादी क्षेत्र के आसपास 200 मीटर की परिधि में सक्षम अधिकारी की अनुज्ञा से किया जा सकेगा।

अध्याय–तीन

प्रस्तावित यातायात संरचना एवं नगरीय अधोसंरचना

3.1 यातायात संरचना,

यातायात/परिवहन संरचना नगर की मूल आवश्यकता का आधार होने से वाहन, जल–मल, ठोस अपशिष्ट, विधुत, टेलीफोन, जन–सुविधाओं के संवहन का कार्य परिवहन संरचना के परिपेक्ष्य से ही होता है। यातायात प्रणाली की कार्यकुशलता का आंकलन निम्न घटकों पर किया जाता हैः

(एक) अंतर्नगरीय यातायात

(दो) नगरीय यातायात

3.1.1 अंतर्नगरीय यातायात

गुना नगर, गुना–ग्वालियर–इटावा रेल मार्ग का महत्वपूर्ण स्टेशन है। रेल्वे लाईन व्दारा यह नगर देश के प्रमुख शहरों से जुडा हुआ है। वर्तमान में गुना से कोटा, इन्दौर उज्जैन, नई दिल्ली, हरिद्वार एवं देहरादून के लिये सीधे रेल सुविधा उपलबध है।

सडक मार्ग के व्दारा यह नगर देश के प्रमुख नगर मुम्बई, आगरा एवं झॉसी तथा राज्य के मुख्य नगर भोपाल, विदिशा, इन्दौर, ग्वालियर से जुडा हुआ है जिसके कारण यहॉ स्टोरेज की सुविधायें विकसित होने की अच्छी सम्भावनायें है। गुना में छोटी हवाई पट्टी उपलब्ध है जिस पर चार्टर प्लेन के उतरने की सुविधा है। हवाई यातायात के लिये ग्वालियर हवाई अड्डा नगर से 125 किलोमीटर की दूरी पर उपलब्ध है। गुना हवाई पट्टी का विस्तार किया जाकर छोटे परिवहन विमानों को उतरने की सुविधा प्रदान की जाकर पर्यटन गतिविधियों का विस्तार किया जाना प्रस्तावित है।

3.1.2 आंतरिक नगरीय यातायात

विकास योजना 2001 में प्रस्तावित यातायात प्रणाली का विकास नगर के बाह्य क्षेत्रों में आंशिक रुप से हुआ है। प्रस्तावित यातायात संरचना हेतु अपनाई गई नियोजन नीति निम्नलिखित बिन्दुओं पर आधारित हैः–

(अ) नगर के आबादी क्षेत्रों एवं मुख्य गतिविधि क्षेत्रों तक सुविधाजनक एवं सुरक्षित यातायात प्रणाली का विकास।

(ब) विभिन्न योजना इकाईयों के मध्य प्रभावी परिवहन तंत्र विकसित करना।

(स) समस्याग्रस्त क्षेत्रों के यातायात एवं प्रबंधन हेतु तकनीकी पहल।

(द) नगर की भावी आवश्यकता हेतु दक्ष एवं सुदृढ परिवहन प्रणाली की व्यवस्था।

(इ) मुख्य मार्गों पर सतत् यातायात गतिशीलता बनाए रखने हेतु इन मार्गो के संगम पर पहुंच मार्ग से यातायात प्रतिबंधित करना।

(प) पदचारी यातायात की बहुलता वाले क्षेत्रों में पृथक पदचारी मार्ग का विकास एवं फुटपाथों का निर्माण।

3.2 कार्यानुरूप मार्ग अनुक्रम

कार्यानुरूप मार्ग अनुक्रम के अनुसार मार्गो का वर्गीकरण किया गया है। ऐसा करते समय निर्धारित विविध गतिविधियों का आपस में तथा आवासीय क्षेत्रों से सह–संबंध का विशेष ध्यान रखा गया है। नगर में विभिन्न प्रकार के मार्गों का मार्गोनुक्रम निम्नानुसार प्रस्तावित है :–

1 बायपास मार्ग 1

2 क्षेत्रीय मार्ग 1

3 मुख्य मार्ग नगरीय 1

4 खण्डस्तरीय मार्ग 1

5 उपखण्ड स्तरीय मार्ग 1

6 स्थानीय मार्ग 1

7 पदचारी 1

3.2.1 क्षेत्रीय मार्ग एवं वृत्तीय मार्ग

क्षेत्रीय मार्ग नगर के बाहर स्थित नगरों एवं ग्रामों से संबंध स्थापित करते है। नगर में 4 क्षेत्रीय मार्ग है। इन क्षेत्रीय मार्गो में से 2 मार्गो क्रमशः बजरंगगढ़ मार्ग एवं अशोक नगर मार्ग की वर्तमान आबादी क्षेत्र से बाहर 45 मीटर चौडाई प्रस्तावित की गई है। उक्त मार्गो को मिलाते हुए 45 मीटर चौडा वृत्तीय मार्ग तीन भागों में प्रस्तावित किया गया हैं।

3.2.2 बायपास मार्ग

गुना नगर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 3 ए.बी. रोड मार्ग पर स्थित है, अर्थात आगरा–मुम्बई मार्ग गुना नगर के मध्य से गुजरता है जिस के कारण भारी यातायात में अत्याधिक असुविधाएं एवं दुर्घटनाओं की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए एक बायपास मार्ग का विकास किया गया है जो वर्तमान में आवागमन हेतु उपलब्ध है।

3.2.3 मुख्य नगरीय मार्ग

यह मार्ग मुख्यतः नगर के सम्पूर्ण यातायात प्रवाह को वहन करने के साथ–साथ नगर के विभिन्न मार्गो, कार्य केन्द्रों, गतिविधि केन्द्रों तथा आमोद–प्रमोद के स्थानों को जोडते हैं। संभावित दैनिक यातायात बाहुल्य को ध्यान में रखते हुये इनकी चौडाई 24 से 30 मीटर तक प्रस्तावित की गई है। इस प्रकार नगर में कुल 12 मुख्य मार्ग प्रस्तावित किये गये हैं।

3.2.4 खण्ड स्तरीय मार्ग

खण्ड स्तरीय मार्गो का प्रावधान आवासीय खण्डों को गतिविधि केन्द्रों से जोडने तथा निवेश इकाई के तीव्रगामी यातायात को वहन करने हेतु किया गया है। इन मार्गो की चौडाई 18 मीटर प्रस्तावित है। इन मार्गो पर सार्वजनिक परिवहन के अन्तर्गत नगर बस सेवा भी प्रारंभ की जा सकती है।

3.2.5 उप खण्ड स्तरी मार्ग

उप खण्ड स्तरीय मार्ग प्राथमिक रूप से प्रत्येक आवासीय भू–खण्डों में स्थानीय यातायात की आवश्यकता हेतु प्रस्तावित किये गये हैं। इनकी चौड़ाई 12 से15 मीटर तक मार्ग की लंबाई के आधार पर रहेगी।

3.2.6 स्थानीय मार्ग

मुख्यतः आवासीय खण्डों में परिभ्रमण तथा भवनों के पहुंच मार्ग हेतु निर्मित किये जाते है। इन्हीं मार्गो के किनारे, जल प्रदाय, जल–मल निकास एवं विद्युत प्रदाय आदि सेवाओं से संबंधित लाईनें रहेगी। आवासीय क्षेत्रों में इन मार्गो की चौड़ाई 9 से 12 मीटर तक प्रस्तावित की गई है।

3.2.7 पदचारी मार्ग

पदचारी मार्ग पैदल यात्रियों की सडक दुर्घटनाओं से सुरक्षा एवं छोटी दूरियां पैदल चलने की दृष्टि से बहुत उपयुक्त पाये गये हैं भविष्य में प्रमुख मार्गो के उपयोग की अनिवार्यता समाप्त कर पदचारी मार्गो द्वारा एक आवासीय क्षेत्र से जोडने का प्रयास किया जावेगा। उपरोक्त के तृतीय मार्गो के साथ सायकल पथ भी प्रस्तावित हैं।

3.3 मार्गो की प्रस्तावित चौडाई

विभिन्न श्रेणी के मार्गो की चौडाई, दीर्घकालीन यातायात, यातायात सघनता, स्वरूप तथा विशिष्टता को दृष्टिगत रखते हुए सारणी 3–सा–1 में दर्शाये अनुसार प्रस्तावित की गई है।

गुना–प्रस्तावित मार्गो की चौड़ाई

3–सा–1

क्र.	मार्गो के नाम	प्रस्तावित चौडाई (मीटर में)
1	2	3
ए.	**क्षेत्रीय मार्ग**	
1	**गुना से अशोक नगर मार्ग**	
	अ. हनुमान चौराहा से हवाई पट्टी चौराहा तक	24
	ब. हवाई पट्टी चौराहे से आगे	36
2	**गुना से बजरंगगढ मार्ग**	
	अ. जय स्तंभ चौक से आरोन नाके तक	24
	ब. आरोन नाके से आगे	36
बी	**पूर्व ए0बी0रोड**	
	अ. नगर पालिका सीमा क्षेत्र	40
	ब. नगर पालिका सीमा से बाहर इन्दौर–शिवपुरी की और	60
सी.	**बायपास मार्ग**	60
डी	**रिंग रोड**	45
ई	वृत्तीय मार्ग क्रमांक 1, 2, 3	45
	मुख्य नगरीय मार्ग 1	30
	मुख्य मार्ग क्रमांक 2	30
	मुख्य मार्ग क्रमांक 3	24
	मुख्य मार्ग क्रमांक 4	30
	मुख्य मार्ग क्रमांक 5	24
	मुख्य मार्ग क्रमांक 6	24
	मुख्य मार्ग क्रमांक 7	24
	मुख्य मार्ग क्रमांक 8	24
	मुख्य मार्ग क्रमांक 9	24
	मुख्य मार्ग क्रमांक 10	24

क्र.	मार्गो के नाम	प्रस्तावित चौडाई (मीटर में)
	मुख्य मार्ग क्रमांक 11	30
	मुख्य मार्ग क्रमांक 12	30
जी	5–अन्य मार्ग	
1	कृषि उपज मण्डी मार्ग	30
2	हवाई पट्टी मार्ग	24
3	परेड ग्राउण्ड मार्ग	24
4	सिविल लाईन मार्ग	24
5	जय स्तंभ से चिकित्सालय मार्ग	24
6	गुना से उमरी मार्ग	
	अ. हनुमान चौराहा से पंडा चौक नाले तक	24
	ब. पंडा चौक नाले से बुडे बालाजी तक	12
	स. बुडे बालाजी से हनुमान टेकरी तक	36
एच	**खण्ड मार्ग**	18
आई	**उप खण्ड मार्ग**	12 से 18
जे	**स्थानीय मार्ग**	9 से 12
के	**पदचारी मार्ग**	3 से 4.5

नोटः– जिस स्थान पर मार्ग की वर्तमान चौडाई प्रस्तावित चौडाई से अधिक उपलब्ध है, वहां वर्तमान चौडाई यथावत रहेगी।

3.4 यातायात प्रणाली में सुधार

नगर की वर्तमान मार्ग संरचना एवं यातायात प्रणाली को दृष्टिगत रखते हुए यातायात तकनीक के माध्यम से नगर की वर्तमान यातायात व्यवस्था में सुधार लाया जाकर यातायात प्रवाह की क्षमता बढाई जा सकती है।

3.4.1 मार्ग संगमों का सुधारः

नगर के निम्न मार्ग संगमों का सुधार एवं विकास किया जाना प्रस्तावित हैः–

1	हनुमान चौराहा	5	सुभाष मार्ग चौराहा
2	जय स्तंभ चौराहा	6	निचला बाजार चौराहा
3	केन्ट चौराहा	7	गायत्री मंदिर चौराहा
4	अस्पताल चौराहा	8	पंडा चौक

3.4.2 यातायात अवसान केन्द्र

1. रेल्वे माल प्रांगण

रेलवे स्टेशन पर स्थित वर्तमान माल प्रांगण यथावत रहेगा। वर्ष 2031 की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए रेल्वे मालघर का रेल्वे क्षेत्र में ही विकास किया जाना प्रस्तावित है।

2. ट्रक स्थानक

कृषि उपज मंडी औद्योगिक क्षेत्र, याातायात नगर, नीवन नगर केन्द्रों के प्रस्ताव के साथ यातायात से संबंधित सेवाओं का प्रावधान किया गया हैं जिनमें ट्रक स्थानक का भी समुचित प्रावधान किया गया है।

3 अवसान केन्द्र

अ. रेलवे स्टेशन

वर्ष 2031 की अनुमानित जनसंख्या के लिए वर्तमान रेलवे स्टेशन की क्षमता अपर्याप्त है, किन्तु वाहन विराम आदि के लिए समुचित प्रावधान किया गया है।

ब. बस स्टेण्ड

वर्तमान बस स्टेण्ड बढते हुए यात्री यातायात को दृष्टिगत रखते हुए, स्थान की कमी तथा यातायात संकुचन से ग्रसित है। साथ ही नगर ए.बी.रोड पर स्थित होने के कारण सुगम संचालन की दृष्टि से भी उचित नहीं है। अतः निजी तथा राज्य परिवहन निगम द्वारा अनुबंधित बसों से उदित होने वाले यातायात को अलग–अलग किया जाना आवश्यक है ताकि मार्गो की उपलब्ध क्षमता अनुसार सुगम यातायात संचालित हो सकें। स्थानीय नगर पालिका परिषद एवं जिला प्रशासन के सहयोग से ए.बी.रोड पर ही पुरानी सब्जी मण्डी क्षेत्र का नये बस स्टेण्ड हेतु प्रस्तावित किया गया है। बस स्टेण्ड एवं बस डिपो एक ही स्थान पर रखने के उददेश्य से नया बस स्टेण्ड निवेश इकाई क्रमांक 2 में नानाखेडी से मुहालपुर पर प्रस्तावित मार्ग पर 10 हेक्टेयर क्षेत्र आरक्षित किया गया हैं। इस बस स्टेण्ड के निर्माण उपरांत, वर्तमान बस स्टेण्ड स्थल पर व्यावसायिक परिसर का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। एवं

पुरानी सब्जी मण्डी क्षेत्र में हल्के वाहनों जैसे–कार, टैक्सी, जीप, आटो तथा टैम्पों एवं रिक्शा आदि के विराम स्थल तथा इन वाहनों के यात्रियों के लिए केवल पिक–अप स्टेशन के रूप में विकसित किया जाना प्रस्तावित है।

स. हवाई पटटी

वर्तमान में गुना नगर हेतु छावनी में एक हवाई पटटी उपलब्ध हैं। इस हवाई पटटी का उपयोग आकस्मिक एवं विशेष अवसरों पर केवल छोटे–हल्के विमान तथा हेलीकाप्टार की उडान हेतु किया जाता है।

द. क्षेत्रीय पिक–अप स्टेशन

मुख्य नगर से दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की सुविधा के लिए निम्न स्थलों पर क्षेत्रीय पिकअप स्टेशन प्रस्तावित हैः–

1	पुरानी जज्जी क्षेत्र–ए.बी.रोड	5	ट्रांसपोर्ट नगर– ए.बी.रोड
2	गायत्री मंदिर चौक–ए.बी.रोड	6	भुजरिया तालाब– बी.जी.रोड
3	हनुमान चौराहा–ए.बी.रोड	7	जय स्तंभ चौक– ए.बी.रोड
4	केन्ट चौराहा–अशोक नगर रोड	8	औद्योगिक क्षेत्र– ए.बी रोड

ड. नगर बस अवसान

भविष्य में नगर बस सेवा नगरीय यातायात का प्रमुख साधन होने की संभावना है। नगर वाहन सेवा सुचारू रूप से संचालन हेतु नगर में निम्न स्थानों पर अवसान केन्द्र प्रस्तावित किये गये है :–

1	यातायात नगर –ए.बी.रोड	9	पंडा चौक–हाट रोड
2	औद्यैगिक क्षेत्र–ए.बी.रोड	10	अस्पताल चौक
3	पुरानी जज्जी –ए.बी.रोड	11	बूढे बालाजी
4	जय स्तंभ चौक–अशोक नगर रोड	12	हनुमान टेकरी
5	हनुमान चौराहा– ए.बी.रोड	13	कृषि उपज मंडी
6	गायत्री मंदिर चौक– ए.बी रोड	14	रेलवे स्टेशन
7	केन्ट चौराहा– अशोक नगर रोड	15	प्रस्तावित बस स्टेण्ड–बी.जी.रोड
8	भुजरिया तालाब – बी.जी. रोड	16	बांस खेडी चौराहा

3.4.3 रेल्वे ओव्हर ब्रिज

गुना नगर के मध्य से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 3 ए.बी.रोड पर रेल्वे ओवर ब्रिज एवं नगर के मध्य से प्रवाहित होने वाले नाले पर ब्रिज निर्माण से यातायात में काफी सुधार हुआ है। किन्तु नाले के ब्रिज की चौड़ाई कम होने के कारण यातायात अवरूद्व होने की संभावना बनी रहती है। अतः इस ब्रिज को चौडा किया जाकर दो लेन किया जाना प्रस्तावित है।

इसी प्रकार बायपास मार्ग के लिए रेल्वे लाईन पर ओव्हर ब्रिज तथा इसी मार्ग पर बांसखेडी के पास नाले पर ब्रिज निर्माण प्रस्तावित है।

3.5 वाहन विराम स्थल

नगर के विभिन्न स्थानों पर विशेषतः सघन गतिविधियों वाले क्षेत्रों के समीप मार्गो के किनारे वाहन विराम हेतु स्थल नियत करना मार्गो के प्रभावी यातायात वहन क्षमता को बनाये रखने के लिए अत्यन्त आवश्यक हैं। अतः सभी प्रमुख कार्य केन्द्रों, वाणिज्यिक केन्द्रों, औद्योगिक केन्द्रों एवं अवसान केन्द्रों के निकट वाहन विराम हेतु पर्याप्त स्थान सारणी 3–सा–2 में दर्शाये अनुसार प्रस्तावित किये गये है।

गुनाः वाहन विराम हेतु प्रस्तावित स्थल

3–सा–2

क्रमांक	निवेश इकाई क्रमांक	प्रस्तावित स्थल
1	**2**	**3**
1	1	वर्तमान बस स्टैण्ड
2	1	पुरान जज्जी
3	1	जय स्तंभ चौक
4	1	हनुमान चौराहा
5	3	स्टेडियम
6	1	सिविल अस्पताल परिसर
7	1	सदर बाजार कोतवाली
8	2	हाट रोड– सब्जी मंडी के पास
9	1	रेलवे स्टेशन के पास
10	4	सभी प्रमुख मार्गो के किनारे

3.6 नगरीय अधोसंरचना

3.6.1 जल प्रदाय

नगर की भावी जनसंख्या के मान से नगर में 30 गैलन प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की दर से 7.5 एम. जी.डी. जल आपूर्ति की आवश्यकता होगी। इस हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा एक जल आवर्धन योजना तैयार की है, जिसके तहत वांछित जल प्रदाय किया जा सकेगा। इस प्रकार जल प्रदाय क्षेत्र में नगर वर्ष 2031 तक के लिये आत्मनिर्भर रहेगा।

3.6.2 जल/मल निकास

नगर में वर्तमान में जल–मल निकास की कोई उपयुक्त व्यवस्था नहीं है। विकास योजना में वर्तमान आबादी वाले क्षेत्रों के साथ–साथ भविष्य में विकसित किये जाने वाले क्षेत्रों हेतु समग्र रूप से संगठित जल–मल निकास व्यवस्था प्रणाली की योजना तैयार कर शीघ्र ही क्रियान्वित करना प्रस्तावित है। इस हेतु निवेश इकाई क्रमांक–2 में आक्सीकरण तालाब हेतु 10 हेक्टेयर भूमि ग्राम पिपरोदा में प्रस्तावित की गई है।

वर्षा जल निकासी की व्यवस्था का भी नगर में अभाव है। वर्षा जल का निकास नालो द्वारा होता है तथा कई क्षेत्रों में वर्षा जल भर जाने के कारण जल भराव़ की स्थिति निर्मित हो जाती हैं इन्ही सब समस्याओं के निराकरण हेतु नगर में भूमिगत जल–मल निकासी की योजना क्रियान्वित करने हेतु नगर पालिका प्रयासरत है।

3.6.3 विद्युत प्रदाय :–

वर्तमान में नगर की विद्युत प्रदाय व्यवस्था संतोषजनक कही जा सकती है। किन्तु वोल्टेज के कम–ज्यादा होने के कारण समस्या बनी रहती हैं। अतः इस समस्या के स्थायी समाधान के साथ–साथ भावी जनसंख्या की आवश्यकता की पूर्ति हेतु विद्युत प्रदाय क्षमता में वृद्वि किया जाना प्रस्तावित हैं विकास योजना मे अतिरिक्त विद्युत उप केन्द्रों हेतु प्रत्येक निवेश इकाई में भूमि प्रस्तावित की गई है।

3.6.4 ठोस अवशिष्ट प्रबंधन

ग्राम सकतपुरा में 10 हेक्टेयर भूमि नगर पालिका को ट्रेचिंग ग्राउड के लिये आवंटित की गई है। ठोस अवशिष्ट के मुख्य स्त्रोत, घरेलू, व्यवसायिक, अस्पताल एवं नर्सिंगं होम, फल एवं सब्जी बाजार, औद्योगिक क्षेत्र आदि होते है। ठोस अवशिष्ट की मात्रा का आंकलन नगर में निवास करने वाली जनसंख्या, व्यवसायिक एवं व्यापारिक प्रतिष्ठान, औद्योगिक संस्थाओं आदि के साथ–साथ नगर के आर्थिक एवं सामाजिक स्वरूप के आधार पर निर्धारित करना आवश्यक होगा। औसतन विभिन्न स्त्रोतों से प्रति व्यक्ति प्रतिदिन निकलने वाले कचरे की मात्रा लगभग 800 ग्राम के आधार पर आंकलन किया जा सकता है।

प्रबंध तंत्र/प्रणाली के अन्तर्गत पुनर्चक्रीकरण प्रणाली अपनाई जा सकती है, जो स्थानीय संस्थाओं के प्रबंध में होने वाले व्यय को पूरा कर, आय का स्त्रोत एवं भविष्य में एक उपलब्धि सिद्ध होगी। इससे छोटे उद्योगों की स्थापनाओं की संभावना सुदृढ होगी। साथ ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। ठोस अवशिष्ट का उपयोग उर्जा एवं जैविक खाद उत्पादों में किया जा सकता है जो आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए कृषि कार्य के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे। समस्त औद्योगिक स्थापनाओं को ठोस अवशिष्ट विसर्जन के पूर्व पुनर्चक्रीकरण प्रणाली अपनाने से भी योजनाओं को काफी सहायता मिल सकती है।

3.6.5 धोबी घाट

नगर में वर्ततान में कोई संगठित धोबी घाट नहीं है। यद्यपि पी.एच.ई. स्टोर के पास नाले के किनारे धोबीयों द्वारा धुलाई का कार्य किया जाता है, किन्तु नाला प्रदूषित होने के कारण यह आवश्यक

है कि इस प्रकार की गतिविधियों पर नियंत्रण किया जावे एवं उपयुक्त स्थल पर संगठित धोबी घाट प्रस्तावित किया जावे।

3.7 अन्य सुविधाऐं

(अ) अग्निशमन केन्द्र

वर्तमान में नगर की अग्नीशमन सेंवाए नगरपालिका परषिद् गुना द्वारा संचालित की जा रही हैं। नगर में बढ़ते हुए विकास को दृष्टिगत रखते हुए यह आवश्यक है कि अग्निशमन सेवाएं उच्च कोटि की हो। वर्तमान में नगर पालिका कार्यालय के पास ही एक अग्नीशमन केन्द्र है, जो नगर की आवश्यकता को देखते हुए कम है। अतः इस सुविधा को और अधिक सुदृढ करने हेतु निवेश इकाई क्रमांक 2 एवं 4 उप अग्निशमन केन्द्र हेतु भूमि आरक्षित की गई है।

दूरभाष केन्द्र

वर्तमान में नगर में एक दूरभाष केन्द्र स्थित है जो वर्तमान आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम हैं। वर्ष 2031 की अनुमानित जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु केन्द्र की क्षमता में वृद्धि करना प्रस्तावित है।

डाक–तार घर

नगर के मध्य में एक मुख्य डाकघर/तार घर एवं एक अन्य उप डाकघर कार्यरत है। नगर के भावी विकास के अनुरूप भावी आबादी एवं नगरीय आबादी के लिए उप डाकघर हेतु प्रत्येक खण्ड स्तर पर 0.20 हेक्टेयर का क्षेत्र तथा निवेश इकाई स्तर पर 0.70 हेक्टयेर का क्षेत्र निवेश इकाई क्रमांक 1, 2, 4 एवं 5 में प्रस्तावित है।

(ब) आरक्षी केन्द्र

वर्तमान में स्थित पुलिस कोतवाली शहर के मध्य में एवं भीड़ भरे क्षेत्र में होने के कारण उसकी स्थिति उचित प्रतीत नहीं होती है। अतः निवेश इकाई क्रमांक 4 में 4 हेक्टेयर क्षेत्र प्रस्तावित किया गया है। रिक्त होने पर वर्तमान स्थान पर पुलिस चौकी कायम रहेगी । इसी प्रकार निवेश इकाई कमांक 2 एवं 5 में भी निवेश इकाई स्तर के आरक्षी केन्द्रों हेतु 0.70 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है। उपरोक्त के अलावा प्रत्येक आवासीय खण्ड में एक पुलिस चौकी की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है।

(स) श्मशान घाट/कब्रिस्तान

गुना नगर में वर्तमान में 3 श्मशान घाट एवं 4 कब्रिस्तान स्थित है। इसके अलावा भावी आवश्यकता पड़ने पर प्रस्तावित विकसित क्षेत्र के बाहर उपयुक्त स्थल चयन कर नगरपालिका परिषद् एवं जिला प्रशासन के परामर्श से प्रावधान किया जा सकेगा।

(द) डेरी/मुर्गीपालन केन्द्र

वर्तमान में नगर के विभिन्न आवासीय क्षेत्रों में जो डेरियां कार्यरत हैं। उन डेरियों को एक स्थान पर संगठित करने की दृष्टि से निवेश इकाई क्रमांक 1 व 2 पर कृषि भूमि पर सक्षम प्राधिकारी की अनुज्ञा से डेरियां स्थापित की जा सकेंगी।

अध्याय–4

विकास नियमन

4.1 प्रवृतशीलता

इन नियमनों का उद्देश्य नगरवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है, यह नियमन निवेश क्षेत्र के अन्दर समस्त विकास की गतिविधियों को नियंत्रित करेंगे।

4.2 क्षेत्राधिकार

1. इस अध्याय में वर्णित विकास नियमन, राज्य शासन द्वारा मध्य प्रदेश, नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 (क्रमॉक 23 सन् 1973) की धारा 13 (1) के अन्तर्गत हेतु गठित निवेश क्षेत्र पर लागू होगें। मध्य प्रदेश भूमि विकास नियम 2012 में समय–समय पर होने वाले संशोधनों को विकास योजना का भाग माना जावेगा।

2. विकास योजना प्रस्तावों का विस्तृतीकरण परिक्षेत्रिक योजना में किया जाता है, यह सम्भावना है, कि विकास योजना में परिभ्रमण एवं उपयोग परिक्षेत्रों के निर्धारण संबंधी प्रस्तावों को क्रियान्वयन संबंधी यांत्रिकी आवश्यकताओं के परिपेक्ष्य में संशोधित करना पड़े ऐसे संशोधन के संबंध में राज्य शासन का निर्णय अन्तिम होगा, जो कि विकास योजना प्रस्तावों का एक भाग माना जावेंगा।

3. विकास योजना मानचित्र में दर्शित प्रस्ताव सांकेतिक एवं स्थूल स्वरूप के हैं तथा उक्त प्रस्ताव मध्य प्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 17 के आधार पर चिन्हित किये गए है, उदाहराणार्थ आवासीय परिक्षेत्र, जो विकास योजना मानचित्र में दर्शाया गया है, उसमें आन्तरिक मार्ग, खुले तथा हरित क्षेत्र नागरिकों के लिए आवश्यक शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं आदि हेतु क्षेत्रफल सम्मिलित है, इसी प्रकार नगरीय विकास हेतु अनुपयोगी भूमि, वर्तमान वृक्ष समूहों द्वारा व्याप्त भूमि आदि आवासीय क्षेत्र के अभिन्न अंग के रूप में सम्मिलित है। इस कारण उक्त क्षेत्र विकास योजना मानचित्र में पृथक से नहीं दर्शाए गए हैं।

4. विकास योजना मानचित्र में निर्धारित किसी भी उपयोग परिक्षेत्र में, सक्षम प्राधिकारी द्वारा पूर्व से विधिवत स्वीकृत वर्तमान भवन, वर्तमान अवस्था में तथा वर्तमान उपयोग हेतु यथावत् रहेंगें।

5. झुग्गियों में रहने वाले निवासी, नगरीय केन्द्र की विभिन्न गतिविधियों में सेवाकार्य से जुड़े होते है, यदि झुग्गी–झोपड़ियों को किसी स्थान पर व्यवस्थापन कर उसे विकसित किया जाना है, तो उस दशा में सिर्फ नदियों/जलाशय के संदर्भ में प्रतिबंधित क्षेत्र, आमोद–प्रमोद के क्षेत्र तथा प्रस्तावित मार्ग के क्षेत्र को छोडकर शेष भूमि उपयोग परिक्षेत्रों में झुग्गी–झोपड़ियों का व्यवस्थापन ग्राह्य होगा।

6. विकास योजना मानचित्र जो रिपोर्ट के साथ संलग्न है, वह मशीन द्वारा छोटा किया गया मानचित्र है। इस कारण उक्त मानचित्र के आधार पर भूमि की लम्बाई–चौड़ाई अथवा क्षेत्रफल

को नहीं नापा जाये। लम्बाई–चौड़ाई एवं क्षेत्रफल सर्वे मानचित्र, जो 1:4000 की माप पर हो के आधार पर नापा जाये।

7. परिक्षेत्रिक योजना तैयार करने की पद्धति विकास योजना तैयार करने के ही समान है। विकास के स्वरूप के अनुरूप अलग–अलग विकास नियमन/परिक्षेत्रिक नियमनों की आवश्यकता हो सकती है, किन्तु परिक्षेत्रिक योजना के प्रकाशित एवं प्रभावशील होनें तक इस अध्याय में वर्णित नियमनों के आधार पर विकास अनुज्ञा दी जावेंगी। प्रथम चरण के क्षेत्र की विकास योजना प्रस्ताव के अनुसार परिक्षेत्रिक योजना अधिनियम के प्रावधानों अनुसार त्वरित गति से तैयार करना नितांत आवश्यक है।

8. प्रत्येक उपयोग परिसर की परिक्षेत्रिक योजना/विस्तृत अभिन्यास में दी गई शर्ते, स्थिति एवं विद्यमान वर्तमान मार्ग सीमाऐं स्थल पर विद्यमान वर्तमान मार्ग/गाड़ी मार्ग एवं अन्य भौतिक स्वरूपों को संदर्भ माना जावेगा।

9. जिन अभिन्यासों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृति दी गई है, अर्थात म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के अर्न्तगत अथवा म.प्र. भू–राजस्व संहिता के अर्न्तगत भू–व्यपवर्तन हेतु दी गई हो एवं स्वीकृति की समयावधि विकास योजना प्रारूप प्रकाशन की तिथि पर वैद्य है अथवा नगर तथा ग्राम निवेश की अनुशंसा के आधार पर कलेक्टर/शासन द्वारा कोई शासकीय भूमि किसी प्रयोजन हेतु आरक्षित अथवा आवंटित की गई हो तो उस दशा में यह माना जावेगा कि वह अभिन्यास/भू–आरक्षण/आवंटन स्वीकृत विकास योजना में प्रस्तावित भूमि उपयोग के अनुरूप है।

10. अपरिहार्य परिस्थितियों तथा सार्वजनिक हित में राज्य शासन नगर जनसंख्या को सामूहिक लाभ देने वाली राष्ट्रीय, राज्य एवं नगर स्तर की गतिविधियों हेतु विकास अनुमति दे।

11. किसी भी उपयोग परिक्षेत्र में उपयोगिता अधोसंरचना से संबंधित निर्माण अथवा गतिविधि जो स्थल पर आवश्यकता के अनुरूप तथा उपयुक्त अधोसंरचना नियोजन एवं रूपांकन के द्वारा सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित हो, स्वीकार्य होंगे।

12. अधिनियम की धारा 30 एवं 30(क) स्वीकृति हेतु प्रस्तुत मानचित्र में संशोधन आवश्यक होने पर सक्षम प्राधिकारी सभी आवश्यक संशोधन मानचित्र में अंकित कर पुनः संबंधित को वापिस करेंगे। स्वीकृति केवल संशोधित मानचित्र पर ही अंकित की जावेगी।

4.3 परिभाषाऐं

उपयोग परिक्षेत्र – मुख्य भू–उपयोग से संबंधित प्रस्तावित विशिष्ट नगरीय कार्य कलापों में से किसी एक कार्य कलाप का क्षेत्र।

उपयोग परिसर – उपयोग परिसर से तात्पर्य ऐसा परिसर जो कि उपयोग परिक्षेत्र के विभाजन का एक भाग हो एवं जिसे कि अभिन्यास तैयार करते समय एक विशिष्ट मुख्य उपयोग या गतिविधि के लिए स्पष्ट किया गया हो।

अभिन्यास – अभिन्यास से तात्पर्य योजना की रूप रेखा से है, जिसमें उपयोग परिसर के सभी आकार एवं प्रकार इंगित हो।

भूमि उपयोग मानचित्र – सभी उपयोग परिक्षेत्रों को दर्शाने वाला मानचित्र, भूमि उपयोग मानचित्र कहलायेगा।

परिक्षेत्रिक योजना – निवेश क्षेत्र के एक परिक्षेत्र की योजना जो अधिनियम की धारा 20 के अर्न्तगत बनाई गई हो।

नगरीय ग्राम – भूमि उपयोग मानचित्र में दर्शाये एवं प्रस्तावित उपयोग परिक्षेत्रों के अर्न्तगत आने वाले ग्रामीण आबादी नगरीय ग्राम कहलाऐंगे।

नगरीय विरासत – नगरीय विरासत से तात्पर्य ऐसा परिसर जिसमें कि पुरातत्व महत्व के ऐतिहासिक भवन एवं उसके आसपास का परिसर सम्मिलित हो तथा संबंधित अधिनियम के अर्न्तगत अधिसूचित हो।

बहु–इकाई भूखण्डीय विकास – नवीन क्षेत्रों में भूखण्डीय विकास विशेषतः मध्य प्रदेश भूमि विकास नियम 2012 के प्रावधानों के अनुरूप परिवारों को समाहित करने हेतु विशिष्ट रूप से रूपांकित किए जावेंगे। सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के पश्चात् क्रियान्वित किए जाने वाले इस विकास में आवश्यक सेवाऐं एवं सुविधाऐं प्रावधित की जावें। ऐसे विकास हेतु भूखण्ड का आकार 288 वर्गमीटर से कम नहीं होना चाहिए एवं उनके समक्ष न्यूनतम 12.0 मीटर चौड़ा मार्ग स्थित/प्रावधित होना चाहिये ।

सक्षम प्राधिकारी– म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 अनुसार

अन्य परिभाषाएं – म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 के अनुसार लागू होंगी।

4.4 भूमि उपयोग परिक्षेत्र

निवेश क्षेत्र को 9 प्रमुख उपयोग परिक्षेत्रों में विभक्त किया गया है। प्रत्येक उपयोग परिक्षेत्र आगे विभिन्न उपयोग परिसरों के रूप में उप विभाजित किऐ गए है। प्रत्येक उपयोग परिसर में विशिष्ट उपयोग/उपयोग गतिविधियां शर्तों या बिना शर्तों के स्वीकार्य होगी। उपयोग परिक्षेत्रों का विभाजन एवं उपयोग श्रेणियों का विवरण सारणी 4–सा–1 में दिया गया है।

उपयोग परिक्षेत्र

4–सा–1

अनु.क्र.	उपयोग परिक्षेत्र	उपयोग श्रेणियां
1	2	3
1.	आवासीय	वर्तमान आवासीय तथा प्रस्तावित आवासीय
2.	वाणिज्यिक	सामान्य वाणिज्यिक, थोक वाणिज्यिक/मण्डी, यातायात नगर
3.	औद्योगिक	वर्तमान उद्योग, प्रस्तावित औद्योगिक
4.	सार्वजनिक अर्द्ध–सार्वजनिक	वर्तमान सार्वजनिक एवं अर्ध्द सार्वजनिक/प्रस्तावित सार्वजनिक एवं अर्ध्द सार्वजनिक
5.	सार्वजनिक सेवाएं एवं उपयोगिताएं	वर्तमान सार्वजनिक सेवाएं एवं उपयोगिताएं, प्रस्तावित सार्वजनिक सेवाएं एवं उपयोगिताएं
6.	यातायात एवं परिवहन	रेल्वे स्टेशन, रेल्वे लाईन/बस स्टेण्ड/बस पिकअप स्टेशन/मार्ग, हवाई पट्टी
7.	आमोद–प्रमोद	क्षेत्रीय/नगर उद्यान, स्टेडियम/खेल मैदान/मनोरंजन स्थल, मेला मैदान, हरित क्षेत्र, वृक्षारोपण
8.	कृषि	कृषि, ग्रामीण परिक्षेत्र (कंडिका 2.19 के अनुसार ग्रामीण आबादी के विस्तार सहित)
9.	वन	वन
10.	जल स्त्रोत	तालाब, नाले एवं नहरें, नदियां

4.5 आवासीय उपयोग परिक्षेत्रों हेतु नियमन

4.5.1 उपयोग परिक्षेत्र का उपयोग परिसरों में उप–विभाजन

1. इन नियमनों का उद्देश्य विभिन्न परिक्षेत्रों के अभिन्यास तैयार करने हेतु मार्गदर्शन देना है। इन नियमों में परिभ्रमण संरचना एवं सुविधाओं के प्रावधानों के मानक सम्मिलित हैं। ऐसे अभिन्यासों से जुड़े सेवा प्रावधानों जैसे–भौतिक संरचनाऐं, जल–प्रदाय, जल–मल निकास आदि नगर पालिका के प्रावधानों के अनुरूप होंगे।

2. भूखण्ड की चौड़ाई एवं गहराई का अनुपात अधिकतम 1:3 होना चाहिए।

3. भवन निर्माता/वास्तुविदों को अपने भवन नियोजन हेतु आवासीय विकास के संदर्भ में भूखण्ड आकार, भूखण्ड प्रकार, एफ.ए.आर. भूतल आच्छादन, भवन की ऊंचाई तथा स्वीकार्य आवासीय

ईकाइयों के मानकों की आवश्यकता होती है। भूखण्ड स्वीकृत अभिन्यास का भाग होना आवश्यक है तथा भवन अनुज्ञा हेतु यह पूर्णतः विकसित होना चाहिए। कार्पोरेट विकास की दशा में विकास/भवन अनुज्ञा साथ–साथ दी जा सकेगी।

4. एक भूखण्ड में चार ईकाइयों से अधिक समाहित करने हेतु प्रस्तावित आवासीय क्षेत्र में तैयार किए गए अभिन्यास की स्वीकृति तब ही दी जावेगी जब आवश्यक सेवाएं जैसे– जल प्रदाय, मल निकास, विधुतीकरण पार्किंग सुविधा आदि का प्रावधान किया हो तथा भवन निर्माण की अनुमति देने के पूर्व उक्त सेवा एवं सुविधाऐं वास्तविक रूप से उपलब्ध होना चाहिए। इस प्रकार के निर्माण हेतु भूखण्ड का न्यूनतम आकार 288 वर्गमीटर होगा तथा उसके समक्ष न्यूनतम 12.0 मीटर चौड़ा मार्ग स्थित अथवा प्रावधित होना चाहिये।

5. वर्तमान विकसित क्षेत्र में पूर्णतः या आंशिक रूप से विकसित एकल/संयुक्त परिवार ईकाई को आवश्यक सेवा तथा सुविधाओं के भौतिक सत्यापन के पश्चात् बहुईकाई भूखण्डीय विकास में परिवर्तित करने की अनुमति दी जा सकती है।

6. आवासीय अभिन्यासों में राज्य शासन द्वारा निर्धारित मापदण्ड एवं समय–समय पर प्रसारित आदेशानुसार समाज के कमजोर वर्ग/निम्न वर्ग/अनौपचारिक वर्ग तथा अन्य किसी वर्ग हेतु भूखण्ड/भवन का आरक्षण प्रावधान करना होगा।

7. अल्प आय वर्ग का अभिन्यास तैयार करते समय मध्य–प्रदेश भूमि विकास नियम 2012 के नियम 99; परिशिष्ट–ञ में निहित प्रावधानों का पालन किया जाना चाहिए।

4.5.2 आवासीय भूखण्डीय विकास के नियमन

1. भूमि का न्युनतम क्षेत्रफल 2.00 हेक्टर
2. आवासीय अभिन्यास में न्युनतम खुला क्षेत्रफल 10 प्रतिशत
3. सेवाओं हेतु न्युनतम आरक्षित क्षेत्र 1.5 प्रतिशत
4. सुविधाजनक दुकानें हेतु अधिकतम 5 प्रतिशत
5. आवासीय प्रयोजन के स्वीकृत अभिन्यास के भूखण्डों पर भवन निर्माण संबंधी नियोजन मापदण्ड सारणी क्र. 4–सा–2 अनुसार होंगे
6. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं अल्प आय वर्ग हेतु प्रावधान म.प्र. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956/म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961/म.प्र. पंचायती राज अधिनियम 1993 के प्रावधानों के अनुरूप।

क्र.	भूखण्ड का आका (मीटर में)	क्षेत्र (वर्गमीटर) न्यूनतम	विकास का प्रकार	भू–आच्छादन क्षेत्र प्रतिशत में	एफ.ए.आर. अधिकतम	एम. ओ. एस (मीटर) में				भूखण्ड के सामने मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई(मीटर में)	अधिकतम ऊँचाई (मीटर में)	एक भूखण्ड पर अधिकतम स्वीकार्य आवासीय इकाईयॉं
						अग्र	पार्श्व	आजू	बाजू			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1	4.0×8.0	20–32	पंक्ति	60	1.25	3.0	0.0	0.0	0.0	6	9	2
2	4.0×12.0	33–48	पंक्ति	60	1.25	3.0	1.5	0.0	0.0	6	9	2
3	5.0×15.0	49–75	पंक्ति	60	1.25	3.0	1.5	0.0	0.0	6	9	2
4	7.0×15.0	76–105	पंक्ति	50	1.25	3.0	1.5	0.0	0.0	7.5	9	2
5	9.0×15.0	106–135	अर्द्धपृथक्कृत	50	1.20	3.0	1.5	0.0	0.0	7.5	12.5	3
6	11.10×18.0	136–200	अर्द्धपृथक्कृत	50	1.20	3.0	2.0	0.0	0.0	9.0	12.5	3
7	12.0×18.0	201–216	अर्द्धपृथक्कृत	42	1.20	3.5	0.0	0.0	0.5	9.0	12.5	3
8	12.0×24.0	217–288	पृथक्कृत	40	1.15	4.5	2.5	3.5	1.5	9.0	12.5	4
9	12.0×24.0	288–360	पृथक्कृत	35	1.15	6.0	2.5	3.0	3.0	12.0	12.5	6
10	15.0×27.0	361–405	पृथक्कृत	33	1.15	7.5	3.0	3.5	3.0	12.0	12.5	7
11	18.0×30.0	406–540	पृथक्कृत	33	1.15	8.0	3.0	4.0	3.0	12.0	12.5	8
12	20×30.0	541–600	पृथक्कृत	33	1.15	9.0	3.0	4.5	3.0	12.0	12.5	9
13	25×30.0	601–750	पृथक्कृत	30	1.15	12.0	4.5	4.5	4.5	12.0	12.5	10
14	30×30.30	751–999	पृथक्कृत	30	1.15	12.0	4.5	4.5	4.5	12.0	12.5	10.

नोट : 1. अनुक्रमांक 9 से 14 के भूखण्डों के समक्ष यदि 12 मीटर या उससे अधिक चौड़ा मार्ग उपलब्ध है तथा सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के पश्चात् क्रियान्वित किए जाने वाले इस विकास में आवश्यक सेवाएं एवं सुविधाएं प्रावधानित हो तो ऐसे भूखण्डों पर बहु आवासीय इकाईयां मान्य होगी अन्यथा केवल 4 आवासीय इकाईयों की संख्या मान्य होगी।

2. यदि आवासीय भवन का निर्माण 2.4 मीटर ऊंचाई के स्टिल्ट पर, स्वीकार्य ग्राउण्ड कवरेज की सीमा तक किया जाता है तो स्टिल्ट फ्लोर की ऊंचाई तथा ऐसे निर्मित क्षेत्र की गणना, क्रमशः भवन ऊंचाई तथा एफ.ए.आर. से नहीं की जाएगी।

4.5.3 विकसित क्षेत्रों के मध्य उपलब्ध भूमियों/भूखण्डों पर अपार्टमेंट हाउसिंग के नियमन

(1) न्यूनतम भूमि/भूखण्ड का क्षेत्रफल — 750 वर्गमीटर से अधिक

(2) भूमि/भूखण्ड का फ्रन्टेज — 21 मीटर

(3) भूमि/भूखण्ड के समक्ष मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई — 12 मीटर

(4) अधिकतम एफ.ए.आर. 1.30 (12.5 मीटर ऊंचाई तक के मकानों के लिये)

(5) एम.ओ.एस. –

	सामने	6.0 मीटर
	अन्य ओर	4.5 मीटर

(6) भवन की ऊँचाई 12.5 मीटर

(7) दो अपार्टमेंट के ब्लाकों के मध्य की दूरी सबसे ऊँचे अपार्टमेंट की ऊँचाई के 1/3 के बराबर होगी।

(8) पार्किंग : एक कार स्पेस प्रति 100 वर्गमीटर निर्मित क्षेत्रफल की दर से।

(9) आगंतुक कार/वाहन पार्किंग हेतु भूखण्ड के क्षेत्र का 2 प्रतिशत क्षेत्रफल, आरक्षित रखना होगा।

(10) वृक्षारोपण/उद्यान अंतर्गत क्षेत्रफल = (भूखंड/भूमि का क्षेत्रफल–ग्राउण्ड कवरेज) गूणा 25 प्रतिशत

(11) 12.5 मीटर से अधिक ऊंचे भवनों के लिए मापदण्ड म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 के नियम 42 के प्रावधानानुसार होंगे।

(12) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा अल्प आय वर्ग हेतु म.प्र. नगरपालिक निगम अधिनियम 1956/म.प्र. नगरपालिका अधिनियम 1961/म.प्र. पंचायती राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 के प्रावधानों के अनुसार होगा।

4.5.4 समूह आवास हेतु नियोजन मापदण्ड –

(1) इस तरह के विकास हेतु न्युनतम भूमि/भूखण्ड का क्षेत्रफल 0.40 हेक्टर होगा।

(2) भूमि/भूखण्ड के समक्ष न्यूनतम मार्ग की चौड़ाई 15.0 मीटर

(3) न्यूनतम ग्राउण्ड कवरेज = 35 प्रतिशत

(4) भूमि/भूखण्ड का न्यूनतम फ्रन्टेज = 24 मीटर

(5) अधिकतम एफ.ए.आर. 12.5 मीटर तक ऊँचे भवनों हेतु 1 : 1.40

(6)

एम.ओ.एस.	सामने	7.50 मीटर
	अन्य ओर	6.00 मीटर

(7) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा अल्प आय वर्ग हेतु प्रावधान म.प्र. नगरपालिक निगम अधिनियम 1956/म.प्र. नगरपालिका अधिनियम 1961/पंचायती राज अधिनियम 1993 के प्रावधानों के अनुसार होगा।

(8) पार्किंग : एक कार स्पेस प्रति 100 वर्गमीटर निर्मित क्षेत्रफल की दर से।

(9) भवन ब्लाकों के मध्य की दूरी परिसर में प्रस्तावित/निर्मित सबसे ऊचें भवन की ऊंचाई के 1/3 बराबर

(10) 12.5 मीटर से अधिक ऊंचे भवनों का निर्माण म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 के नियम 42 के प्रावधानानुसार।

4.5.5 12.5 मीटर से ऊँचें भवनों संबंधी नियमन

12.5 मीटर से ऊंचे भवनों के मापदण्ड म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 के नियम 42 के प्रावधानों अनुसार मान्य होंगे। यह प्रावधान सभी भू–उपयोगों (आमोद–प्रमोद एवं कृषि को छोड़कर) मान्य होंगे।

4.5.6 फार्म हाउस

फार्म हाउस का निर्माण म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 अनुसार मान्य होगा।

4.6 वाणिज्यिक क्षेत्र

4.6.1 वाणिज्यिक क्षेत्रों में विकास हेतु नियमन –

वाणिज्यिक गतिविधियों हेतु विकास योजना में थोक एवं सामान्य वाणिज्यिक हेतु व्यापक स्वरूप के प्रस्ताव दिये गये है, जिनमें निम्नलिखित गतिविधियां विकसित हो सकेंगीः–

नगरीय केन्द्र, उपनगरीय केन्द्र, स्थानीय शापिंग, सुविधाजनक शापिंग सेन्टर, खेरची दुकानें, वाणिज्यिक कार्यालय इत्यादि।

4.6.2 वाणिज्यिक विकास हेतु नियमन –

वाणिज्यिक विकास हेतु सारणी 4–सा–3 के अनुसार स्थान उपलब्ध होने पर विकास स्वीकार्य होगा ।

वाणिज्यिक उपयोग परिक्षेत्र के अभिन्यास हेतु नियमन

4—सा—3

क्र.	वाणिज्यिक केन्द्र का स्तर	आवश्यक न्यूनतम भूमि का क्षेत्रफल (हेक्टर में)	सम्मुख मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई (मीटर में)	न्यूनतम खुला क्षेत्र (प्रतिशत में)	पार्किंग क्षेत्र (प्रतिशत में)	इंफार्मल सेक्टर (प्रतिशत में)	मार्ग एवं उपयोगिता एवं सेवाएं (प्रतिशत में	अधिकतम स्वीकार्य भू—खण्डीय क्षेत्रफल (प्रतिशत में)	भूमि का न्यूनतम अग्रभाग मीटर में
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	नगरीय केन्द्र, थोक वाणिज्यिक (मंडी सहित)	3.0 से अधिक	30	10	10.0	3.0	35	50	75.00
2	उप नगरीय केन्द्र, सामान्य (0.15 से 0.5 लाख आबादी हेतु)	2.00 से अधिक	24.00	10	10.0	2.5	35	50	50.00
3	समुदायिक केन्द्र	1.00	18.00	10	7.5	2.0	35	50	40.00
4	स्थानीय शापिंग (अभिन्यास स्तर पर)	0.5 से अधिक	12.00	10	7.5	1.5	35	—	30.00
5	सुविधाजनक दुकानें' (अभिन्यास स्तर पर)	0.10 से अधिक	9.00	10	5.0	1.5	35	—	20.00

टीपः— *स्थानीय दुकानें एवं सुविधाजनक दुकानें कुल अभिन्यास क्षेत्रफल के अधिकतम 5 प्रतिशत भाग पर ही स्वीकार्य होंगी।

4.6.3 उप विभाजित वाणिज्यिक भूखण्डों हेतु नियमन :—

वाणिज्यिक उपयोग के अन्तर्गत विभिन्न वाणिज्यिक केन्द्र हेतु अनुमोदित अभिन्यास में वाणिज्यिक भू—खण्डों पर निर्मित क्षेत्र एवं फर्शी क्षेत्र अनुपात सारणी 4—सा—4 में दर्शाए अनुसार मान्य होगाः—

उपविभाजित वाणिज्यिक भूखण्डों हेतु नियमन

4—सा—4

क्रमांक	श्रेणी	अधिकतम निर्मित क्षेत्र (कवरेज)	एफ.ए.आर
1	**2**	**3**	**4**
1	नगरीय केन्द्र/थोक वाणिज्यिक (मंडी)	50 प्रतिशत	2.50
2	उप नगर केन्द्र/ सामान्य	50 प्रतिशत	2.00
3	समुदायिक केन्द्र	50 प्रतिशत	1.75
4	स्थानीय दुकानें (अभिन्यास स्तर पर)	50 प्रतिशत	1.50
5	सुविधाजनक दुकानें (अभिन्यास स्तर पर)	50 प्रतिशत	1.25

4.6.4 स्थानीय दुकानों में संचालित की जा सकने वाजी गतिविधियां :—

1. औषधि दुकानें
2. कार्यालय
3. पैथेलॉजी लैब
4. हल्के वाहन (800 सी.सी. तक)/मशीनरी सुधार की दुकानें
5. बैंक
6. ए.टी.एम.
7. गेस्ट हाउस
8. अनौपचारिक दुकानें
9. कोचिंग केन्द्र
10. प्रशिक्षण केन्द्र
11. रेस्टोरेन्ट
12. साप्ताहिक हाट
13. मीट एवं मछली की फुटकर दुकानें
14. कम्युनिटी हॉल
15. विद्युत उप केन्द्र
16. आवासीय फ्लैट : कुल अनुज्ञेय एफ.ए.आर. का 50 प्रतिशत अधिकतम।

4.6.5 सुविधाजनक दुकानों में संचालित की जा सकने वाजी गतिविधियां :–

1. फुटकर दुकानें
2. स्थानीय स्तर पर हल्के वाहन एवं मशीनरी मरम्मत की दुकानें
3. सेवा गतिविधियाँ
4. कार्यालय
5. बैंक
6. ए.टी.एम.
7. अनौपचारिक दुकानें
8. साप्ताहिक बाजार
9. सब्जी बाजार

4-6-6 vukipkfjd ox d fy, iko/kku

अनौपचारिक वर्ग के लिए प्रावधान नवीन वाणिज्यिक केन्द्रों के नियोजन के समय फुटपाथ दुकानें, हाथ ठेला एवं इसी तरह की अन्य गतिविधियों के लिए सारणी 4&lk&5 में दिये गये मानकों के अनुसार अनौपचारिक वर्ग हेतु प्रावधान निर्धारित किये गये हैं–

vukipkfjd ox d fy, ;ktuk iko/kku

4&lk&5

Ø-	fooj.k	ekud
1	2	3
1.	फुटकर व्यापार, खण्ड केन्द्र, उपखण्ड केन्द्र, सुलभ शॉपिंग	3 से 4 इकाई प्रति 10 औपचारिक दुकानें या मानकों में दर्शाये अनुसार सुविधा दुकानें अन्य परिसरों में अनौपचारिक दुकानें।
2.	शासकीय एवं वाणिज्यिक कार्यालय	5 से 6 इकाई प्रति 1000 कर्मकारों के लिये।
3.	थोक व्यापार एवं मालभाड़ा	3 से 4 इकाई प्रति 10 औपचारिक दुकानों के लिए।
4.	चिकित्सालय	3 से 4 इकाई प्रति 100 बिस्तरों के लिए
5.	बस विराम स्थल	प्रति 1 बस स्थल के लिए दो इकाईयां
6.	विद्यालय–प्राथमिक,माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक, एकीकृत विद्यालय	3 से 4 इकाईयां 5 से 6 इकाईयां

Ø-	fooj.k	ekud
1	2	3
7.	उद्यान–क्षेत्रीय, नगर उद्यान, निकटवर्ती उद्यान	8 से 10 इकाईयां प्रत्येक प्रमुख प्रवेश द्वार 2 से 3 इकाईयां
8.	आवासीय	1 इकाई प्रति 1000 जनसंख्या
9.	औद्योगिक	5 से 6 इकाई प्रति 1000 कर्मकार
10.	रेल्वे स्टेशन/बस स्थानक	परियोजना तैयार करते समय किये गये सर्वेक्षण पर आधारित

Vhi %& प्रत्येक इकाई 2.5 से 5 वर्गमीटर के आकार की नियत होगी।

4.7 औद्योगिक परिक्षेत्र

(1) औद्योगिक परिक्षेत्र के अभिन्यासों में आन्तरिक मार्गों की न्यूनतम चौड़ाई 15 मीटर होगी।

(2) औद्योगिक परिक्षेत्र में अभिन्यासों एवं औद्योगिक भूखण्डों के विकास के मापदण्ड म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 के नियम 48 अनुसार मान्य होंगे।

4.8 अन्य सुविधाएं –

अभिन्यासों में सुविधाएं तथा अन्य उपखण्डीय आवश्यकताएं म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 के नियम 49 अनुसार मान्य होंगी।

4-8-1- lfo/kkvk gr fodkl ekud

सुविधाओं को स्थापित करने हेतु विकास मानक सारणी 4&lk&6 में दिये गये है। इन मानकों का पालन यंत्रीकृत साधनों की आवश्यकता को कम किये जाने की दृष्टि से किया जाना चाहिये।

lfo/kkvk d fodkl ekud

4&lk&6

lfo/kk,@lok,	vu'kflr vf/kdre iny nj ¼fd-eh-½
1	2
झूलाघर/नर्सरी विद्यालय	0.30
प्राथमिक शालाएं	0.80
उच्चतर माध्यमिक विद्यालय	1.50
टाट लाट	0.30
नेबरहुड खेल मैदान एवं उद्यान	0.30

lqfo/kk,@lqok,a	vuq'kalflr vf/kdre iSny nwjh ¼fd-eh-½
पार्क एवं खेल मैदान	0.50
दुकानें व खेल मैदान	0.50
स्वास्थ्य केन्द्र	0.50
डाकघर	0.50
सामुदायिक भवन, वाचनालय	0.50
स्थानीय क्लब इत्यादि	0.75

4-8-2 [kqys LFkyksa ,oa vkekn&izekn {ks=ksa ds ekin.M

खुले स्थलों एवं आमोद–प्रमोद क्षेत्रों के मापदण्ड सारणी 4–सा–7 में दिये गये है।

[kqys LFkyksa ,oa vkekn&izekn {ks=ksa ds ekin.M

4&lk&7

lqfo/kk;sa	fuEure Hkwfe {ks= ¼gsDVs;j½ izfr gtkj	fuEure izfr bdkbZ bdkbZ ¼gsDVs;j½	fuEure izfr bdkbZ dh pkMkbZ ¼ehVj½	lqok gsrq lkekU; tuleq[;k	lqok {ks= dh vf/kdre f=T;k ¼fd-eh-½
1	2	3	4	5	6
टाटलाट	0.03	0.03	15	1000	0.15
क्रीड़ा क्षेत्र	0.06	0.30	45	5000	0.30
क्रीड़ा मैदान	0.10	1.50	138	15000	0.50
नेवरहुड पार्क	0.20	0.75	60	5000	0.30
वृत्तखण्ड उद्यान	0.20	1.50	100	15000	0.30

ukV %& टाटलाट, क्रीड़ा क्षेत्र, क्रीड़ांगन तथा दो स्तरों के स्थानीय उद्यानों को छोड़कर शेष क्षेत्रों में परिभ्रमण एवं वाहन विराम की आवश्यकतायें शामिल है।

4-8-3 lsonu'khy {ks=ksa gfjr fu;eu@gfjr {ks=@i;kZoj.k okfudh lacU/kh fu;eu

संवेदनशील क्षेत्रों/हरित क्षेत्र/पर्यावरण वानिकी वाले क्षंत्रों में विकास की गतिविधियों का नियंत्रण निम्न नियमन के आधार पर किया जावेगा –

1. नदी, नाला एवं तालाबों के किनारे छोड़ा जाने वाला हरित/वृक्षारोपण का क्षेत्र कम से कम (9/15 मीटर) क्षेत्र म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 के प्रावधानों के अनुसार होगा।
2. कीचड़, मल निकास, सेप्टिक टेंक निकास किसी भी स्थिति में नदी–नालों व तालाबों में प्रवाहित नहीं किया जावेगा।
3. पेट्रोलियम आधारित उर्वरकों का उपयोग कर जल स्त्रातों के केचमेंट एरिया में कृषि कार्य को प्रतिबंधित किया जावेगा, जिससे कि तालाबों में जलीय घासफूस एवं अन्य ऐसी गतिविधियॉ जो भूमि कटाव करती है को रोका जा सके। संबंधित विभाग द्वारा इस संबंध में आवश्यक उपाय किया जाना चाहिए।
4. तालाबों के किनारे के क्षेत्रों में अपने भवनों को व्यक्तिगत सेप्टिक टेंक, गरडल मल लाईन, जब उसका निर्माण हो जाये, जोड़ना होगा।
5. नियंत्रण क्षेत्र में आने वाले वर्तमान भवनों में अच्छादित क्षेत्र में या फर्शी क्षेत्रानुपात में वृद्धि स्वीकार्य नहीं होगी, बशर्तें कि पूर्व में सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमति दी गयी हो।
6. तालाबों/नदियों की सुरक्षा एवं जल गुणवत्ता के संवर्धन हेतु किये जाने वाले कार्य स्वीकार्य होंगे एवं उनके किनारे न्यूनतम 30 मीटर का हरित क्षेत्र रखा जावेगा।
7. पुरातत्व महत्व के स्थानों के आसपास के क्षेत्रों का विकास, पुरातत्व विभाग के प्रावधानों अनुसार मान्य होगा।

4-8-4 ikdfrd ifjladV mUeq[k {ks=

यह नगर प्रदेश के संवेदनशील भूकम्प क्षेत्र से बाहर होकर बी.आई.एस. जोन–2 के अंतर्गत आता है। फिर भी प्राकृतिक परिसंकट से सुरक्षा की दृष्टि से भवनों का निर्माण भारतीय मानक संस्थान द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप होना चाहिए। सभी प्रकार के भवनों चाहे वे शासकीय, अर्द्ध शासकीय अथवा निजी हों, में निर्माण/पुनर्निर्माण की भवन अनुज्ञा देते समय म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 एवं म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के प्रावधानों अनुसार संरचनात्मक डिजाईन मानकों का पालन स्थानीय निकायों द्वारा सुनिश्चित किया जावेगा ।

4-9 ;krk;kr ,o ifjogu

5-9-1 ekxk@xfy;k dh vu'kflr pkMkbZ

नगर मार्ग तंत्र के विभिन्न स्तरों के मार्गों की प्रस्तावित चौड़ाई यातायात एवं परिवहन अध्याय में दी गई है। आवासीय क्षेत्रों में कल्डीसेक या लूप गलियों की चौड़ाई 7.5 से 9 मीटर अनुशंसित है। उच्च आय वर्ग के आवासीय क्षेत्र, जहां निजी वाहनों की संख्या अधिक होती है, में इन मार्गों की चौड़ाई 9 से 12 मीटर रखी जा सकती है। निकास मार्गों की अनुशंसित चौड़ाई म0प्र0 भूमि विकास नियम 2012 अनुसार मान्य होगी।

4-9-2 enxfr okguk gsrq ekud

साइकिल पथ का निर्माण उन मार्गों के साथ किया जाना चाहिये जहॉ मोटर वाहनों की संख्या 200 प्रति घण्टे से अधिक हो। प्रत्येक साइकिल पथ की न्यूनतम चौड़ाई 2.00 मीटर होना चाहिये तथा प्रत्येक अतिरिक्त लेन की चौड़ाई 1.00 मीटर होना चाहिये। इन साइकिल पथों का रूपांकन ऐसा हो जिससे अन्य वाहनों से यह सुरक्षित रहे। इस दृष्टिकोण से मार्ग संगम स्थलों पर इनके रूपांकन पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिये। साइकिल पथों की चौड़ाई भारतीय सड़क कांग्रेस के मानकों के अनुसार होगी।

4-9-3 fojke LFky

सड़कों के किनारे विराम स्थलों के मानक सारणी 4–सा–8 अनुसार होंगे। शेष वाहन विराम स्थलों संबंधी मानक म.प्र. भूमि विकास नियम 2012 के नियम 84 अनुसार होंगे।

lMdk d fdukj dkj fojke gsrq LFky dk vkdkj

4&lk&8

fojke dk idkj	dos l okLrfod pkMkbZ	dos ykbu l lekukUrj ukih xbZ iR;sd dkj d fy, ykbZ dh vko';drk ¼ehVj e½
1	2	3
समानांतर	2.50	5.90
30^0	4.66	5.00
45^0	5.31	3.54
60^0	5.58	2.89
90^0	5.00	2.50

Vhi½& 1. मार्ग चौड़ाई 20 मीटर से अधिक के लिए।

2. मार्ग मध्य से पेडस्टल की दूरी भारतीय सड़क कांग्रेस द्वारा अनुशंसित मानक के अनुरूप होगी।

4.9.4 यातायात नगर/मैकेनिक नगर के मानक

यातायात/मैकेनिक नगर के मानक निम्नानुसार होंगे :–

यातायात/मेकेनिक नगर नियोजन मापदण्ड

अधिकतम भूखण्डों का प्रतिशत : 40 प्रतिशत

आन्तरिक मार्ग की न्युनतम चौड़ाई : 18 मीटर

सार्वजनिक सेवायें/सुविधायें : 05 प्रतिशत न्युनतम

पार्किंग : 15 प्रतिशत न्युनतम

उद्यान : 10 प्रतिशत न्युनतम

यातायात/मैकेनिक नगर में सुविधाओं के मानक सारणी 4–सा–9 अनुसार मान्य होंगे।

यातायात/मैकेनिक नगर के मानक

4–सा–9

अनुक्रमांक	कार्य का प्रकार	इकाईयाँ प्रति 100 ट्रक	अनुशंसित क्षेत्रफल की सीमा प्रति इकाई वर्गमी.
1.	2.	3.	4.
1.	माल बुकिंग कार्यालय एवं गोदाम	30–40	29–450
2.	कल पुर्जो की दुकानें	10–15	9–72
3.	यांत्रिक एवं विद्युत वर्कशाप	15–25	7.5–135
4.	टायर ट्यूब बिक्री दुकानें	12–20	7.5–90
5.	ढाबा	5–7	30–90
6.	चाय नास्ता दुकान	8–19	9–14
7.	पान सिगरेट दुकान	10–14	2–5
8.	नाई/सिलाई दुकान	1	10–15

4.9.5 यातायात नगर में सुविधाओं के मापदण्ड

प्रति 100 ट्रक के लिए विभिन्न सेवाओं के प्रावधान सारणी 4–सा–10 के अनुरूप होंगे।

यातायात नगर में सुविधाओं के मापदण्ड

4—सा—10

अनु. क्रमांक	सुविधा	क्षेत्रफल प्रति इकाई (वर्गमी.)	टिप्पणी
1	2	3	4
1.	बैंक	100	200 ट्रक पर कम से कम एक
2.	डाकघर	100	प्रत्येक अवसान बिन्दु पर एक
3.	पेट्रोल पंप	800	निर्गम/आगमन बिन्दु पर
4.	होटल, लॉज	600	ऊपर मंजिल पर
5.	चौकी	200	सामरिक स्थानों पर
6.	उपचार गृह	200	—
7.	अग्निशमन केन्द्र	200	—
8.	धर्मकांटा	300	निर्गम/आगमन बिन्दु पर

टीप :—

1. परिभ्रमण तंत्रः

अभिन्यास के मुख्य मार्ग न्युनतम 18 मीटर चौड़े।

सेवाओं के सम्मुख द्वितीय मार्ग 12 से 15 मीटर चौड़े।

खुले क्षेत्रों के चारो ओर के मार्ग 12 से 15 मीटर चौड़े।

2. पार्किंग हेतु खुले स्थल 36 वर्गमीटर प्रति ट्रक के मान से जो मार्ग के समानान्तर पार्किंग बे में या खुले यार्ड के रूप में होना आवश्यक है। यह क्षेत्र खुले क्षेत्र के अतिरिक्त होगा।

4.10 मिश्रित उपयोग gr| fu;eu

मिश्रित उपयोग अंतर्गत स्वीकृत गतिविधियां पेरा 4-10-1 अनुसार मान्य होंगे। इन गतिविधियों के नियोजन मापदण्ड, इस अध्याय में उल्लेखित मापदण्डों अनुसार होंगे।

4-10-1 vkoklh; ifjlj e Lohdk;l vU; mi;kx ,o xfrfof/k;k %&

(अ) मिश्रित उपयोग के अंतर्गत आवासीय भूखण्ड या फ्लेट में अन्य उपयोग गतिविधियों की अनुज्ञा।

(ब) परिक्षेत्रिक योजना बनाते समय पुराने शहर एवं प्रस्तावित विकास क्षेत्र के अलावा मिश्रित उपयोग गतिविधि मार्गों का चयन निम्नानुसार किया जाना चाहिये—

(1) स्वीकार्य मिश्रित उपयोग के कारण अतिरिक्त यातायात भार से संबंधित मार्ग में वहन करने की क्षमता का विश्लेषण किया जावेगा।

(2) मिश्रित उपयोग के कारण नगरीय सेवायें एवं क्षेत्र विशेष की पर्यावरणीय आवश्यकता के परिपेक्ष्य में आवश्यकता के अनुरूप विश्लेषण किया जावेगा।

(3) यातायात/पार्किंग समस्या के निराकरण हेतु यातायात अध्ययन के एक भाग के रूप में मुक्त पदयात्री मार्ग/क्षेत्र एवं एकांकी मार्गीय यातायात व्यवस्था आंकलन कर निर्धारण किया जावेगा।

ऐसी स्थिति में जब किसी क्षेत्र/मार्ग पर मिश्रित उपयोग की ग्राह्यता के परिपेक्ष्य में स्वीकृति दी जाती है तो यह स्वीकृति निम्न बिन्दुओं द्वारा नियंत्रित होगी :–

(1) स्वीकृत वाणिज्यिक गतिविधि केवल भूतल पर 12 मीटर अथवा इससे अधिक चौड़े मार्ग पर ही मान्य होगी, जो कि स्वीकार्य कुर्सी क्षेत्रफल में मार्ग चौड़ाई की गहराई तक ही सीमित होगी।

(2) उपरोक्त मिश्रित उपयोग अंतर्गत निम्न गतिविधयॉ निषिद्ध होगी :–

(क) फुटकर दुकानें – भवन निर्माण सामग्री गतिविधि (लकड़ी, लकड़ी का उत्पाद, लोहा, स्टील और रेत, जलाऊ कोयला)

(ख) मरम्मत की दुकानें – ऑटोमोबाइल्स, रिपेयर एवं कर्मशाला

(ग) सेवा दुकानें, बैंक

(घ) उपचार गृह (नर्सिग होम)

(ड) गोदाम, भण्डागृह, भण्डारण

(च) निर्माण इकाईयॉ (गृह उद्योग को छोड़कर)

(छ) कबाड़खाना

(द) ऐसे प्रकरणों में जहॉ मिश्रित भू–उपयोग विचारणीय होगा, आवेदक को सामने से सेटबैंक को बिना शर्त स्थानीय संस्था को मार्गाधिकार एवं पार्किंग हेतु देना होगा।

ऐसे क्षेत्र का अभिन्यास (स्थल मानचित्र) निम्न बिन्दुओं के साथ सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करेगाः–

(अ) मानक क्षमता के अनुरूप पार्किंग सुविधा

(ब) अन्य सेवा–सुविधाएं

(स) भू–दृश्यीकरण

(द) निर्धारित सड़क राइट आफ वे।

(इ) उपयोग गतिविधि में परिवर्तन हेतु हितग्राही से निम्न पर आधारित शुल्क दिया जावेगाः–

1. पार्किंग, भौतिक एवं सामाजिक अधोसंरचना की प्रस्तावित लागत।

2. आवासीय तथा गैर आवासीय गतिविधि/उपयोग क्षेत्रों का अंतर मूल्य।

4-10-2 mnnf'kr fefJr Hk&mi;kx&

आवासीय क्षेत्र में यथोचित स्थल पर ऐसे भूखण्ड समूह प्रावधानित किये जावे जिनमें भूतल पर उद्देशित दुकानें एवं गृह उद्योग तथा प्रथम तल पर आवास प्रस्तावित हो।

4.11 उपयोग परिक्षेत्र के विकास नियमन

5.11.1 उपयोग परिक्षेत्रों में स्वीकार्य उपयोग

विकास योजना में उपयोग परिक्षेत्र एवं उपयोग श्रेणियों में सारणी 4–सा–11 अनुसार स्वीकृत उपयोग परिसर अनुमत होंगे :–

उपयोग परिक्षेत्रों में उपयोग परिसरों की अनुमति

4–सा–11

अनु.	उपयोग	स्वीकृत उपयोग परिसर
1	2	3
1.	आवासीय	
	आवासीय	आवासीय भूखण्डीय विकास, एपार्टमेंट हाउसिंग/फ्लेटस, अतिथि गृह/रेस्ट हाउस, रात्रि विश्राम गृह, धर्मशाला, मेरिज हाल/बारात घर/मांगलिक भवन/कल्याण मंडपम, कम्यूनिटी, हॉल, मेरिज गार्डन, बाल गृह/कामकाजी महिला छात्रावास, होस्टल/लॉजिंग एवं बोर्डिंग, वृद्धाश्रम, सुविधाजनक दुकानें, स्थानीय दुकानें, साप्ताहिक हाट बाजार, क्लिनिक/डिस्पेंसरी, प्रसूती गृह, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नर्सिंग होम, पालतू पशु क्लिनिक/औषधालय, खेल का मैदान,/नेवरहूड पार्क, झूलाघर/डे–केयर सेंटर, क्लिनिकल प्रयोगशाला, खुला रंग मंच, सांस्कृतिक एवं सूचना केन्द्र, अनाथालय, योग केन्द्र, ध्यान अध्यात्मिक केन्द्र, सिनेमा हाल, होटल, ईंधन भराव एवं भराव–सह–सेवा केन्द्र, सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग, सामान्य चिकित्सालय, विशिष्ट चिकित्सालय, शैक्षणिक महाविद्यालय, चिकित्सा/इंजीनियरिंग महाविद्यालय, अन्य व्यवसायिक महाविद्यालय, पॉलीटेक्निक, माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय/नर्सरी, प्ले स्कूल, कोचिंग सेंटर, कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र, शारीरिक प्रशिक्षण केन्द्र, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संस्थान, विकलांग बच्चों के लिए विद्यालय, (अ–मानसिक विकलांगता ब–शारीरिक विकलांगता), समन्वित आवासीय विद्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, व्यवसायिक प्रशिक्षण

अनु.	उपयोग	स्वीकृत उपयोग परिसर
1	2	3
		संस्थान/प्रबंधन संस्थान, अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, संगीत/नृत्य/नाटिका प्रशिक्षण केन्द्र, स्थानीय संस्थाऐं/ अर्द्धशासकीय/ शासकीय कार्यालय, दूर–संचार केन्द्र, ट्रांसमिशन टॉवर, वायर लेस स्टेशन, रेडियो एवं टेलीविजन स्टेशन, वेदशाला एवं मौसम कार्यालय, अग्निशमन केन्द्र, दूरभाष केन्द्र, पोस्ट ऑफिस, दूर–संचार टावर एवं स्टेशन, पुलिस स्टेशन, पुलिस पोस्ट, कन्वेंशन सेटर, बस स्टॉप, सामाजिक कल्याण केन्द्र, जल/वेस्ट वाटर शोधन उपचार संयंत्र, गृह, मनोरंजन क्लब, आंतरिक एवं बाह्य स्टेडियम, स्पोर्टस काम्पलेक्स, आरचर्ड/नर्सरी, लाइब्रेरी, म्यूजियम, स्टाफ क्वार्टर, बैंक/ए.टी.एम., रेस्टारेंट, तरणताल, होटल मैनेजमेंट संस्थान, कम्प्यूटर सेंटर, स्थानीय निकाय कार्यालय/फायर ब्रिगेड।
2	**वाणिज्यिक**	
	सामान्य वाणिज्यिक	अपार्टमेंट हाउसिंग/फ्लेटस, अतिथि गृह/रेस्ट हाउस, रात्रि विश्राम गृह, धर्मशाला, मेरिज हाल/बारात घर/मांगलिक भवन/कल्याण मंडपम/ कम्यूनिटी, हॉल, मेरिज गार्डन, बालगृह, कामकाजी महिला छात्रावास, होस्टल, लॉजिंग एवं बोर्डिंग, सुविधाजनक दुकानें, स्थानीय दुकानें, साप्ताहिक हाट बाजार, क्लिनिक/डिस्पेंसरी, प्रसूती गृह, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नर्सिंग होम, खेल का मैदान, पार्क, दिन देखभाल केन्द्र, धार्मिक परिसर, क्लिनिकल प्रयोगशाला, खुला रंग मंच, सांस्कृतिक एवं सूचना केन्द्र, सिनेमा हाल, होटल, ईंधन भराव एवं भराव–सह–सेवा केन्द्र, प्रिटिंग प्रेस, निजि व्यवसाय कॉर्पोरेट कार्यालय, ऑटो सर्विस स्टेशन/मोटर गैरेज एवं वर्कशाप, सूचना प्रौद्योगिकी, कोचिंग सेंटर, कम्प्यूटर प्रशिक्षण सेंटर, दूर–संचार केन्द्र, ट्रांसमिशन टॉवर, वायर लेस स्टेशन, रेडियो एवं टेलीविजन स्टेशन, वेदशाला एवं मौसम कार्यालय, अग्निशमन केन्द्र, दूरभाष केन्द्र, पोस्ट ऑफिस, दूर–संचार टावर एवं स्टेशन, पुलिस स्टेशन, पुलिस पोस्ट, कन्वेंशन सेंटर, बस स्टॉप, सामाजिक कल्याण केन्द्र, जल/वेस्ट वाटर शोधन उपचार संयंत्र, मनोरंजन क्लब, लाइब्रेरी, म्यूजियम बैंक/ए.टी.एम., रेस्टारेंट, तरणताल, कम्प्यूटर सेंटर, माल, मल्टीप्लेक्स, फिटनेस क्लब।
	थोक वाणिज्यिक	थोक बाजार, अत्यावश्यक अपार्टमेंट हाउसिंग/फ्लेटस, अतिथि गृह/रेस्ट हाउस, रात्रि विश्राम गृह, धर्मशाला, कम्यूनिटी, हॉल, होस्टल, लॉजिंग एवं बोर्डिंग, सुविधाजनक दुकानें, स्थानीय दुकानें, साप्ताहिक हाट

अनु.	उपयोग	स्वीकृत उपयोग परिसर
1	2	3
